## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता को जहर देने का आरोप, हालत गंभीर

**अगवानपुर, अमृत विचार :** छजलैट थानाक्षेत्र के गांव सराय खजूर में बुधवार को एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने दहेज की खातिर जहर देकर मरने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भगतपुर थानाक्षेत्र के गांव दौलपुरी निवासी शाहिस्ता की 2021 में सराय खजूर निवासी रहमत अली से शादी हुई थी। दो बच्चे अली मूसा व युवन है। भाई नदीम ने बताया कि शादी के बाद से ससुराली कार की मांग करते थे। इस दौरान कई पंचायते हुई लेकिन बात नहीं बनी। रविवार को भाई निजामुद्दीन का रिश्ता होना था। इसके लिए बहन को बुलाने के लिए फोन किया था। आरोप है कि मायके जाने की जानकारी लगने पर पति ने रबड़ी और पकौड़ी में शाहिस्ता को जहरीला पदार्थ दे दिया। हालत बिगड़ी तो ननद ने फोन कर मायके में सूचना दी। मायकेवालों ने पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

### एंबुलेंस चालक ने फंदा लगाकर दी जान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव नाहरवाला में एक एंबुलेंस चालक ने घरेलू कलह से परेशान होकर फंदा लगाकर जान दे दी। गांव नाहरवाला निवासी अमित यादव (32) पुत्र मदनपाल यादव की शादी करीब चार वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के गांव पंडितपुर निवासी ज्योति से हुई थी। दंपती के दो बच्चे बेटा सुमित और बेटी आरबी हैं। अमित काशीपुर में एंबुलेंस चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। ज्योति बच्चों की शिक्षा के लिए काशीपुर में ही रहना चाहती थी, जबकि अमित परिवार को गांव में ही रखना चाहता था। इसी बात पर अक्सर विवाद होता था। इसी घरेलू तनाव के चलते अमित ने कदम उठा लिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल मनोज परमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू कलह से जुड़ा लग रहा है। फिलहाल मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

### बेशर्मी को पनपने नहीं देगा बजरंग दल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** बजरंग दल के महानगर संयोजक राजीव ठाकुर ने गुरुवार को बैठक कर कहा कि 14 फरवरी को प्यार के नाम पर कुछ युवाओं द्वारा किए जाने वाला कृत्य संस्कारों को दूषित करता है जिसे बजरंग दल बर्दाश्त नहीं करेगा। बजरंग दल लव जिहाद के नाम पर बहन बेटियों को बरगलाकर अनैतिक व्यवहार करने वालों को किसी हाल पनपने नहीं देगा।

## पर्याप्त नींद, पौष्टिक आहार, 30 मिनट व्यायाम व डिजिटल डिटॉक्स से बढ़ती है एकाग्रता

# पढ़ाई के साथ सेहत और खेल का संतुलन बनाना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाओं का समय विद्यार्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। बेहतर अंक लाने की होड़ में कई छात्र-छात्राएं देर रात तक जागकर पढ़ाई करते हैं, खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों से दूरी बना लेते हैं और खानपान में भी लापरवाही करने लगते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल पढ़ाई ही सफलता की गारंटी नहीं है, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन भी उतना ही जरूरी है।

शिक्षाविदों के अनुसार परीक्षा के दौरान 7 से 8 घंटे की नियमित नींद लेना बेहद जरूरी है। पर्याप्त नींद से दिमाग तरोताजा रहता है और याद की गई बातें लंबे समय तक स्मरण रहती हैं। वहीं जंक फूड, तली-भुनी चीजों और अधिक मीठे से बचना चाहिए।

इसके स्थान पर फल, हरी सब्जियां, दालें, दूध, ड्राई फ्रूट्स और पर्याप्त पानी को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। रोजाना हल्का व्यायाम, योग, प्राणायाम या कोई पसंदीदा खेल मानसिक तनाव को कम करता है और एकाग्रता बढ़ाता है। लगातार कुर्सी पर झुककर बैठने से शरीर में दर्द और थकान होती है, इसलिए सही मुद्रा में बैठकर पढ़ाई करना भी जरूरी है।

बीच-बीच में छोटे ब्रेक लेने से दिमाग को आराम मिलता है और पढ़ाई अधिक प्रभावी होती है। आज के डिजिटल युग में मोबाइल और सोशल मीडिया भी छात्रों की एकाग्रता भंग करने का बड़ा कारण बन रहे हैं। विशेषज्ञों ने परीक्षा के दौरान 'डिजिटल डिटॉक्स' अपनाने की सलाह दी है, ताकि छात्र बिना किसी व्यवधान के पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

### पढ़ाई के बीच में 10-15 मिनट का ब्रेक जरूरी



राजकीय हाईस्कूल हुसैनपुर छिरावली में विज्ञान की शिक्षक बबीता मेहरोत्रा का कहना है बोर्ड परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव जरूर है, लेकिन सब कुछ नहीं है। बच्चे पढ़ाई के साथ अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। पर्याप्त नींद लेने से दिमाग सक्रिय रहता है और याददाश्त मजबूत होती है। कई छात्र देर रात तक पढ़ते हैं, जिससे अगली सुबह उनींदापन बना रहता है और पढ़ाई का असर कम हो जाता है। संतुलित आहार बहुत जरूरी है। पढ़ाई के बीच 10-15 मिनट का ब्रेक लेकर हल्की स्ट्रेचिंग या टहलना लाभदायक रहता है। माता-पिता को भी बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं डालना चाहिए, बल्कि उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए।

### दिमाग को तरोताजा रखती हैं शारीरिक गतिविधियां



क्रीड़ाधिकारी व क्रिकेट कोच सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अक्सर छात्र परीक्षा के समय खेलना बंद कर देते हैं, जो बिल्कुल गलत है। खेल और शारीरिक गतिविधियां दिमाग को तरोताजा रखती हैं। रोजाना 30 मिनट से एक घंटा तक खेल, दौड़, योग या प्राणायाम तनाव को काफी हद तक कम करता है। शरीर सक्रिय रहेगा तो दिमाग भी सक्रिय रहेगा। लगातार बैठकर पढ़ने से थकान और पीठ दर्द की समस्या बढ़ती है। सही बॉडी पोश्चर में बैठकर पढ़ाई करें। मोबाइल व टीवी का समय सीमित कर आउटडोर गतिविधियों को प्राथमिकता दें। परीक्षा की तैयारी मैराथन की तरह है, इसमें संतुलन और निरंतरता जरूरी है।

### हावी न होने दें परीक्षा का तनाव



मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र की मनोवैज्ञानिक रीना तोमर का कहना है कि परीक्षा का तनाव स्वाभाविक है, लेकिन इसे हावी नहीं होने देना चाहिए। सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास से आधी चिंता स्वत: खत्म हो जाती है। छात्र अपनी तुलना दूसरों से न करें। समय-समय पर गहरी सांस लेने के अभ्यास, ध्यान और रिलैक्सेशन तकनीक अपनाएं। पर्याप्त नींद मानसिक संतुलन के लिए अनिवार्य है। देर रात तक मोबाइल चलाना नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करता है, इसलिए डिजिटल डिटॉक्स जरूरी है। पढ़ाई के दौरान छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं और उन्हें पूरा करने पर खुद को सराहें। परिवार और शिक्षकों का सहयोग बच्चों के आत्मबल को मजबूत करता है।

# घर वाले थे शोक में और वह जिंदा लौट आया

## शुगर मिल कर्मचारी की मौत की खबर निकली झूठी, अफवाह फैलाने पर पुलिस ने दो को जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की दीवान शुगर मिल से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। बुधवार को मिल कर्मचारी अरविंद की मशीन की चेन में कटकर मौत होने की खबर से हड़कंप मच गया था। ग्रामीणों के साथ भाकियू सहित अन्य किसान संगठन भी विरोध प्रदर्शन करने मिल पहुंच गए थे। हालात को नियंत्रित करने के लिए कई थानों का पुलिस फोर्स मिल पर तैनात कर दिया गया था। वहीं पुलिस व प्रशासन के अधिकारी दिनभर परिजनों को समझाने में जुटे रहे। बाद में 13 लाख मुआवजा देने के बाद परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई। बुधवार की देर शाम वह खुद ही घर पहुंच गया। जिसके बाद पुलिस ने मौत की झूठी खबर फैलाने वाले कर्मचारी के भाई समेत दो लोगों को जेल भेजा दिया। कर्मचारी से जानकारी लेने के बाद पुलिस ने उसे परिवार वालों को सौंप दिया है। मिल द्वारा परिवार वालों को दी गई सहायता राशि वापस कर दी गई।



परिजनों के साथ सिविल लाइन थाने पहुंचा अरविंद। ● अमृत विचार

**● शाम घर पहुंचे अरविंद को देख हर कोई हैरान, मिल से मिल गया था 13 लाख का मुआवजा**

उत्तमपुर बहलोलपुर गांव का रहने वाला अरविंद कुमार भाई जितेंद्र के साथ दीवान शुगर मिल अगवानपुर सीजनल कर्मचारी के तौर पर कार्य करता था। बुधवार को जितेंद्र और उसके साथ दो लोगों ने मिल प्रबंधन को सूचना दी कि गन्ने की चेन पर कार्य कर रहा उसका भाई चेन में फंस गया और क्रशर में चला गया। क्रशर में जाने के कारण उसका शव भी नहीं मिल पाया।

किसान संगठनों को भी सूचना दी गई और मिल पर ग्रामीणों के साथ विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिल पर एकत्रित होने लगे और मिल प्रबंधन पर लापरवाही और मिल में कर्मचारियों की सुरक्षा संबंधी इंतजाम नहीं होने का आरोप लगाते हुए हंगामे करने लगे। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए और कई थाना सिविल लाइंस सहित कई थानों का फोर्स भी तैनात कर दिया गया। इस दौरान परिजन, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिल पर प्रबंधन के बीच भी वार्ता चलती रही। पहले परिजन अरविंद की मृत्यु के लिए मिल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग करते रहे। बाद में 13 लाख रुपये का मुआवजा देने पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। देर शाम अरविंद के घर पर शोक मनाया जा रहा था, लोग सांत्वना देने के लिए घर पहुंच रहे थे। तभी अरविंद घर पहुंच गया। पहले तो किसी भरोसा ही नहीं हुआ, लेकिन उसे जीवित देखकर घर वालों में खुशी की लहर दौड़ गई और आंखों से खुशी के आंसू बह निकले। अरविंद के जीवित मिलने से परिजन में खुशी का माहौल है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक सूचना गलतफहमी के आधार पर फैली थी और मौत की खबर पूरी तरह निराधार है। उन्होंने बताया मौत की झूठी खबर फैलाने वाले कर्मचारी के भाई जितेंद्र और अन्य कर्मचारी शांतिभंग की धाराओं में को जेल भेज दिया है। पुलिस जांच में यह मामला पूरी तरह निराधार निकला। अरविंद जिंदा अपने घर पर मिला।

### काम करते-करते थक गया तो बिना किसी को बताए निकल गया था

गुरुवार को सिविल लाइन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि परिजनों ने आरोप लगाया था कि मिल प्रबंधन की लापरवाही के चलते अरविंद की चेन में फंसकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए, उन्होंने सभी को चौंका दिया। पूछताछ में अरविंद ने बताया कि वह काम करते-करते थक गया था और बिना किसी को बताए मिल से निकल गया था। इसी दौरान मिल परिसर में मिले संदिग्ध द्रव्य को उसके भाई व अन्य कर्मचारियों ने खून समझ लिया था, जबकि जांच में वह मोबिल ऑइल निकला।

# हज यात्रियों का टीकाकरण तेज, 555 को लगी वैक्सीन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में हज यात्रियों के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को विभिन्न केंद्रों पर 555 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। इस वर्ष जिले से 1899 हज यात्री हज यात्रा पर रवाना होंगे, जिन्हें चरणबद्ध रूप से अनिवार्य टीके लगाए जा रहे हैं।

टीकाकरण मदरसा जामेउल उल हुदा, गलशहीद, मदरसा नासिर उल उलूम, कस्बा कांठ और मदरसा अन्सार उल्लाह फैजुल उलूम, ग्राम मिलक बूजपुर आशा (मूढ़ापांडे) में राज्य से नामित हज ट्रेनर की देखरेख में किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सभी हज यात्रियों को नैनिनजाइटिस एवं पोलियो की खुराक दी, जबकि 65 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को इन्फ्लूएंजा वैक्सीन भी लगाई गई। मदरसा जामेउल उल हुदा में 350, मदरसा नासिर उल उलूम कांठ में 86 व मदरसा अन्सार उल्लाह फैजुल उलूम में 119 यात्रियों का टीकाकरण हुआ। डिप्टी सीएमओ



यात्रियों का टीका लगाते स्वास्थ्यकर्मी।

**● 1899 हज यात्रियों को चरणबद्ध तरीके से लगाया जा रहा टीका**

डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि शेष हज यात्रियों का टीकाकरण 14 फरवरी को मदरसा जामिया नईमिया, दीवान का बाजार, मदरसा बशीरूल उलूम, कुन्दरकी और मदरसा अब्दुल गफ्फूर नईमी, पाकबाड़ा में किया जाएगा। 16 फरवरी को मदरसा नूरूल कुरान, चौराहा गुईयाबाग व मदरसा एमएच इस्लामिया, लालबाग ठाकुरद्वारा में टीकाकरण होगा। वहीं, 17 फरवरी को मदरसा जामिया सिद्दीकिया शाखा कार्यालय पीरगैब, निकट राहत पब्लिक स्कूल एवं पुलिस चौकी के पास टीकाकरण आयोजित किया जाएगा।

# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसे में सेल्समैन की जान गई

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** हाईवे पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बुधवार देर रात बाइक सवार सेल्समैन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



मृतक दुर्गा प्रसाद।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पटिया निवासी दुर्गा प्रसाद उर्फ पप्पू (50) लोहा पट्टी स्थित गांव में देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत थे। बुधवार देर रात में वह अपने घर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे हैं, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

**● पटिया के रहने वाले थे दुर्गा प्रसाद उर्फ पप्पू**

हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़ ने सेल्समैन को नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया जहां मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करते थे। जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो बेटी और एक बेटे को छोड़ गया है। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

# घर में मजदूर पर तेंदुआ का हमला, हालत गंभीर

**अगवानपुर, अमृत विचार:** घर में सो रहे मजदूर पर तेंदुआ ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। घायल का इलाज चल रहा है।

ग्राम महलकपुर निजामपुर निवासी मजदूर योगराज सिंह गुरुवार को घर में सो रहा था। उसी दौरान तेंदुआ घर में घुस गया और योगराज पर हमला कर दिया जिससे उसका चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया। शोर शराबा सुनकर परिजन व गांव वाले मौके पर पहुंचे तो शोर सुनकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों की मदद से परिजन गंभीर घायल योगराज को जिला अस्पताल ले गए। जहां उनका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी कई बार तेंदुआ देखा गया है लेकिन वन विभाग गंभीरता से नहीं ले रहा है। वन विभाग को सूचना दी गई थी लेकिन वन विभाग का अधिकारी या कर्मचारी नहीं पहुंचा। जिसके चलते लोगों में रोष है।

# नटियाखेड़ा के जंगल में करंट से हिरन की मौत, लोगों में रोष

संवाददाता, ढकिया

**अमृत विचार :** ढकिया क्षेत्र के रूस्तमनगर नटियाखेड़ा गांव के जंगल में विधुत करंट लग जाने से एक हिरन की मौत हो गई। हिरन की मौत होने से लोगों में रोष व्याप्त हो गया। वन विभाग की टीम ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मृतक हिरन को कब्जे में लेकर उसके शव का पोस्टमार्टम कराया है।

बुधवार को रूस्तमनगर नटियाखेड़ा गांव के लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को फोनकर बताया कि चमन ने अपनी आलू की फसल को छुटटा पशुओं से बचाने के लिए खेत के चारों ओर बिजली के तार लगाकर उसमें विधुत करंट छोड़ दिया था। इन्ही तारों की चपेट में आकर विधुत करंट से एक हिरन की मौत हो गई।

**● वन विभाग ने हिरन का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

विधुत करंट से हिरन की मौत हो जाने की सूचना मिलते ही वन दरोगा टीसी कांडपाल अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ नटियाखेड़ा रूस्तमनगर के जंगल में पहुंचे और मृतक हिरन के शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विधुत करंट से हिरन की मौत होने की खबर जब क्षेत्र में फैली तो लोगों में रोष व्याप्त हो गया। लोगों ने विधुत विभाग के अधिकारियों से हिरन की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जबकि वन दरोगा टीसी कांडपाल का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नरौली में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर सरकारी जमीन पर बना मदरसा किया ध्वस्त



संभल के नरोली में मदरसे के निर्माण को ध्वस्त करते दो बुलडोजर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** नरौली कस्बे में मोहल्ला बंजारी कुआं में सरकारी जमीन पर बनाये गये दारूल उलूम मदरसे को ध्वस्त करा दिया गया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल, पीएसी और दमकल विभाग की टीम तैनात रही।

नरौली में गाटा संख्या 1635 एवं 1636 राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढे और रास्ते के रूप में दर्ज है। इस जमीन पर मदरसे का निर्माण किया गया वहीं सात-आठ मकान भी बना लिये गये। संबंधित पक्षों को दो बार नोटिस जारी कर समय भी दिया गया, लेकिन निर्माण नहीं हटाया गया। गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे एसडीएम चंदौसी आशुतोष तिवारी, सीओ मनोज कुमार सिंह व नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस व आरआरएफ को मदरसे के चारों तरफ तैनात कर दिया गया। आसपास के मकानों की छत पर भी पुलिस तैनात कर दी। इसके बाद मदरसे पर बुलडोजर एक्शन शुरु हुआ। दोपहर एक बजे तक दो बुलडोजर से मदरसे को जमींदोज कर दिया गया।

थाना बनियाठेर प्रभारी मनोज कुमार, थाना हजरतनगर गढ़ी प्रभारी सुधीर पंवार, थाना कुढ़ फतेहगढ़ प्रभारी लोकेन्द्र त्यागी, चंदौसी कोतवाली पुलिस सहित चार-पांच थानों का फोर्स तैनात रहा। सीओ चंदौसी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पूरी कार्रवाई के दौरान स्थिति नियंत्रण में रही। वही कार्रवाई पूरी होने के बाद एसडीएम आशुतोष तिवारी ने बताया कि संबंधित भूमि खाद के गड्ढे और सार्वजनिक रास्ते के रूप में दर्ज है। अवैध निर्माण के विरुद्ध पूर्व में नोटिस देकर नियमानुसार कार्रवाई की गई थी।

समय सीमा समाप्त होने के बाद निष्पादन की कार्रवाई की गई। अभी मकानों पर कार्रवाई होना शेष है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मकानों को भी हटाने का काम किया जायेगा। सही यही है कि जब निर्माण सरकारी भूमि पर है तो लोगों को खुद ही निर्माण हटाकर सरकारी भूमि से कब्जा छोड़ देना चाहिए। कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



मदरसे के मलबे को ट्रैक्टरों में लादते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**● नरौली में प्रशासन ने दारूल उलूम मदरसे पर की कार्रवाई**

**● इलाके को किया गया छावनी में तब्दील, छतों पर तैनात रही पुलिस**

### पहुंचे बुलडोजर तो सामान निकालने में जुटे लोग

गुरुवार को दो बुलडोजर के साथ एसडीएम, सीओ व पुलिसिया अमला बंजारी कुंआ इलाके में पहुंचा तो हड़कंप मच गया। जब पता चला कि मदरसे पर बुलडोजर एक्शन होना है तो नगर पंचायत चेयरमैन बिट्टन व कुछ अन्य लोगों ने एसडीएम से वार्ता कर निर्माण हटाने के लिए समय देने की मांग की। कहा कि अभी बुलडोजर एक्शन न किया जाये वह खुद निर्माण हटा लेंगे। इस पर एसडीएम ने कहा कि लंबा समय दिया जा चुका है लेकिन एक भी ईंट नहीं हटाई गई। अब प्रशासन अपने तरीके से जमीन को कब्जामुक्त करायेगा। जब साफ हो गया कि बुलडोजर चलेगा तो प्रशासन से सामान निकालने के लिए कुछ समय मांगा गया। इसके बाद लोग मदरसे का सामान निकालने में जुट गये। कुछ ही देर में मदरसे में रखे सामान के साथ ही पंखे आदि खोलकर बाहर निकाल लिये गये। जैसे ही सामान बाहर निकला तो दोनों बुलडोजर स्टार्ट हुए और निर्माण को तोड़ने का काम शुरु कर दिया।

**विश्व रेडियो दिवस**

## नगीना के आनंद ने शौक को बनाया पहचान, विदेशों में भी गूंजती है मुरादाबाद की आवाज

# शहर की आवाज बने एफएम 89 .6 से रेडियो की पहचान बरकरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**शुभम शर्मा :** एक दौर था जब रेडियो शहर से लेकर गांव तक हर घर-परिवार का हिस्सा हुआ करता था। सुबह की शुरुआत रामायण की चौपाईयों से होती थी, तो दोपहर मनपसंद गीतों से और शाम दिन भर के समाचारों से। लोग अपने साथ रेडियो लेकर चला करते थे। क्रिकेट के दीवानों की जान भी रेडियो में ही बसती थी।

परिवार एक साथ बैठकर समाचार, गीतमाला या नाटक सुना करता था। रेडियो सिर्फ एक उपकरण नहीं, घर का सदस्य होता था। 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस के मौके पर मुरादाबाद में भी उसी सुनहरे दौर की याद ताजा हो जाती है, जब बात होती है एफएम मुरादाबाद 89.6 और उसके आरजे आनंद राज की।


मूलरूप से बिजनौर के नगीना निवासी आनंद राज का रेडियो से रिश्ता बचपन से जुड़ा है। उनके चाचा को रेडियो सुनने का शौक था। उन्हें देखकर वह भी घंटों रेडियो से चिपके रहते। पिता को यह बात नागवार गुजरती थी। कई बार उन्होंने रेडियो तोड़ दिया और कहा इससे जिंदगी नहीं बनेगी लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। बेटे की लगन देखकर एक दिन पिता ने कहा अगर इतना ही शौक है तो ऐसा करो कि लोग तुम्हें रेडियो पर सुनें। यही शब्द आनंद के जीवन का टर्निंग पॉइंट बन गया। 23 मार्च 2022 को उन्होंने मुरादाबाद के पहले एफएम रेडियो स्टेशन एफएम मुरादाबाद 89.6 से सफर शुरू किया। शुरुआत में यह एक सपना था, जो आज शहर की आवाज बन चुका है। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक 'बिंदास मॉर्निंग' शो में खुद आरजे आनंद जिले भर की गतिविधियों, विकास कार्यों और जनसमस्याओं को उठाते हैं। यह कार्यक्रम पुराने जमाने के आकाशवाणी समाचार की याद दिलाता है, जहां आवाज में भरोसा और बातों में अपनापन होता था। सुबह 10 से 12 बजे तक आरजे खुशी का 'मॉर्निंग मसाला' शो श्रोताओं को उनकी पसंद के गीतों से तरोताजा करता है। शाम 5 से 7 बजे तक आरजे रीना हरियाणवी गीतों से माहौल रंगीन कर देती हैं। वहीं सात से दस बजे तक आरजे राज का शाम शानदार' कार्यक्रम प्यार-मोहब्बत और शहर की हलचल का मिश्रण पेश करता है।



रीना।



खुशी।



राज।



आनंद।

### सात से आठ लाख श्रोता रोज जुड़ते हैं

उन्होंने बताया कि सुबह से रात तक करीब सात से आठ लाख श्रोता किसी न किसी रूप में एफएम मुरादाबाद 89 .6 से जुड़े रहते हैं। चाहे कार में सफर करते लोग हों, दुकानों पर बजता रेडियो या मोबाइल एप पर सुनते प्रवासी, यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि रेडियो का जादू आज भी बरकरार है।

### रेडियो जिसे दिल से देखते और सुनते हैं श्रोता

रेडियो की यही खासियत है, यह आंखों से नहीं, दिल से देखा और सुना जाता है। आरजे आनंद बताते हैं कि भले ही एफएम मुरादाबाद 89 .6 की फ्रीक्वेंसी लगभग 30 किलोमीटर के दायरे तक सीमित है, लेकिन तकनीक ने इसकी पहुंच सीमाओं से परे कर दी है। लंदन, अमेरिका, इंग्लैंड, दुबई समेत कई देशों में बसे श्रोता एप्लिकेशन के माध्यम से रोज इस रेडियो से जुड़ते हैं। विदेशों में रह रहे लोग जब अपने शहर की आवाज सुनते हैं तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### कार्रवाई: दो दिन में 18 भट्ठियां सील

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से की गई प्रभावी कार्रवाई में पिछले दो दिनों के भीतर 18 भट्ठियां को सील किया गया है। कार्रवाई के लिए गठित दो अलग-अलग टीमों ने जन्नतबाग और पंडित नगला के सिरसा गांव छापेमारी कार्रवाई की है। गुरुवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके गुप्ता ने बताया कि सील की गई 18 भट्ठियां में से चार ई-वेस्ट से संबंधित थीं, जहां बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक कचरा जलाकर तांबा और पीतल निकाला जा रहा था। बाकी 14 भट्ठियां बिना लाइसेंस पीतल गलाने का कार्य करती पकड़ी गई है। बताया कि आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### जागरुकता शिविर की तैयारी तेज, बैठक हुई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश माऊज बिन आसिम के निर्देशन में मेगा जागरुकता शिविर को सफल बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को बैठक हुई। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, विकलांग कल्याण विभाग, वन विभाग, बैंकिंग संस्थानों एवं आपूर्ति विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों के साथ लाभार्थियों की पहचान, पंजीकरण की प्रक्रिया तथा पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से पहुंचाने के संबंध में गहन विचार-विमर्श हुआ।

### नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए कार्यशाला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आईएफटीएम विवि के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में गुरुवार को नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए प्रोफेशनल एथिक्स और वर्कप्लेस पॉलिसीज विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासनिक कर्मचारियों को नैतिक मूल्यों, कार्यस्थल आचरण और संस्थागत नीतियों के प्रति जागरूक करना रहा। विवि के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि नॉन-टीचिंग स्टाफ संस्थान की रीढ़ है। कर्मचारियों से जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने का आह्वान किया। रिसोर्स पर्सन एवं स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिवाली सिंह ने बताया कि नैतिक व्यवहार, सकारात्मक दृष्टिकोण संस्थान में स्वस्थ वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

# जुलूस निकाल कर पीली कोठी पहुंचे अधिवक्ता, लगाया जाम

## रामपुर में साथी अधिवक्ता की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पीली कोठी चौराहे पर जाम लगाते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- एडीएम सिटी को सौंपा ज्ञापन शीघ्र कार्रवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार :** रामपुर में अधिवक्ता की दिनदहाड़े हत्या की घटना के विरोध में गुरुवार को मुरादाबाद के अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश देखने दिया।। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के बैनर तले अधिवक्ता कचहरी से पीली कोठी तक नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में पहुंचे जहां, उन्होंने पीली कोठी चौराहे पर जाम लगा कर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की। पीलीकोठी पहुंची एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को रामपुर जनपद के अधिवक्ता फारुख लिपिक द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसको को लेकर मुरादाबाद के अधिवक्ताओं में गुरुवार को आक्रोश देखने को मिला। अधिवक्ताओं ने दि बार एसोसिएशन सभागार में पहले बैठक की जिसमें काफी चर्चा के बाद जुलूस निकाल कर विरोध जाहिर करने की बात सहमति बनी। जिसके बाद दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के मुरादाबाद अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता और महासचिव कपिल गुप्ता के नेतृत्व परिसर से पीली कोठी तक जुलूस निकालते हुए नारेबाजी की।इसके बाद उन्होंने सड़क पर जाम लगाकर विरोध दर्ज कराया। आधे घंटे जाम रहे पीली कोठी चौराहे पर पहुंची एडीएम सिटी ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता परमाल सिंह, राम मोहन श्रीवास्तव, अभिषेक भटनागर, अंजार हुसैन, हफीस पाशा, आदेश श्रीवास्तव, राकेश जौहरी, विनय कुमार विकल, अजय शर्मा, वीरपाल सिंह, काजी सौलत अली, सुनील सक्सेना, नवाज इंतजार, गौतम बाजवा, धर्मेंद्र प्रकाश सक्सेना, जाने आलम, सोनू श्रीवास्तव, दिनेश चंद तिवारी, अशोक गौतम, विनय शर्मा, श्याम रंजन, आबिद हुसैन, अधिवक्ता मौजूद रहे।

### वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग उठाते हुए कहा कि अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया जाए।

# वकीलों के हक की आवाज बनी 450 किमी दौड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मयंक शर्मा को बधाई देते अधिवक्ता ● अमृत विचार

- अल्ट्रा रनर अधिवक्ता मयंक शर्मा ने 'रन फॉर एडवोकेट्स' के तहत झांसी से मेरठ तक पूरा किया संकल्प

**अमृत विचार :** अधिवक्ताओं के अधिकारों और कल्याण से जुड़ी मांगों को लेकर अल्ट्रा रनर एडवोकेट मयंक शर्मा ने रन फॉर एडवोकेट्स अभियान के तहत झांसी से मेरठ तक 450 किलोमीटर की दौड़ नौ फरवरी को पूरी कर ली। यह दौड़ अधिवक्ता समाज की आवाज को सरकार और समाज तक पहुंचाने का सशक्त प्रयास रही।

अभियान की शुरुआत 23 जनवरी को जिला जज सैयद मऊज बिन आसिम व बार पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई। 26 को झांसी में जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों एवं झांसी बार के पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ शुरू कराई। झांसी, दतिया, डबरा, ग्वालियर, मुरैना, धौलपुर, आगरा, हाथरस, अलीगढ़, बुलंदशहर और हापुड़ से होकर मेरठ तक रहा। एसोसिएशनों नेकई जगह स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। अभियान के माध्यम से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, उप्र में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना, नए चेंबर्स का निर्माण, इंटर्न अधिवक्ताओं के लिए न्यूनतम स्टाइपेंड व वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए अनिवार्य हेल्थ इंश्योरेंस जैसी मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। रामगंगा विहार निवासी मयंक शर्मा इससे पहले वर्ष 2025 में प्रयागराज से गाजियाबाद तक 722 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा चुके हैं। वह 30 से अधिक मैराथन पूरी कर चुके हैं और 2024-25 में दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के कार्यकारिणी सदस्य भी रहे हैं। मेरठ में समापन पर जिला बार एसोसिएशन ने भव्य स्वागत किया।

### टीएमयू की दस्तक अफ्रीका की सर्वोच्च चोटी किलिमंजारो पर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संकल्प और बुलंद हौसलों के दम पर मुरादाबाद के पर्वतारोही एवं पेशे से शिक्षक मनोज कुमार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अफ्रीका महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट किलिमंजारो (तंजानिया) को फतह कर एक नया इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि को टीएमयू परिवार के लिए भी गर्व का क्षण माना जा रहा है, क्योंकि पर्वतारोही मनोज ने तिरंगे के साथ टीएमयू का बैनर भी किलिमंजारो की चोटी पर लहराया। कुलाधिपति सुरेश जैन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि टीएमयू प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान सदैव तत्पर रहता है। जीवीसी मनीष जैन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। टीएमयू की वित्तीय सहायता से मनोज कुमार ने सपने को साकार किया।

# 112 केंद्रों पर 78,760 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पंचायत भवन में हुई बोर्ड परीक्षा संबंधी बैठक, पर्यवेक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाओं को व्यवस्थित एवं निष्पक्ष ढंग से बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संगीता गौतम ने की। बदायूं डायट प्राचार्य ग्रजेश चौधरी को पर्यवेक्षक बनाया गया है। जिले में 10 वीं और 12 वीं कक्षा के 78,760 परीक्षार्थी 112 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगी।

गुरुवार को पंचायत भवन में आयोजित बैठक में डायट प्राचार्य बदायूं ग्रजेश चौधरी ने कि केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से अध्ययन करने व परीक्षा संचालन के दौरान समय पालन और अनुशासन का विशेष ध्यान रखना है। 18 फरवरी से होने वाली हाईस्कूल परीक्षा में 39,560 और इंटरमीडिएट में 36,200 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यालय में लाइब्रेरी है तो उसे परीक्षा अवधि में सील किया जाए।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षकों की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन बबिता मेहरोत्रा ने किया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानानंद शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# डीपीआरओ स्तर पर लंबित जांच पर सवाल सीडीओ ने मांगी रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी स्तर पर लंबित जांच को लेकर एक बार फिर प्रशासनिक विभागों में हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार छजलैट ब्लॉक में तैनात पंचायत सचिव ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) पर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में धनराशि मांगने का आरोप लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) से शिकायत की थी।

शिकायत के बाद सीडीओ ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश डीपीआरओ को दिए थे। हालांकि, आरोप है कि जांच प्रक्रिया में शिथिलता बरती जा रही है और अपेक्षित गति से कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी है। गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने जांच रिपोर्ट तलब कर ली है। प्रशासन अब लंबित जांच की स्थिति की समीक्षा कर रहा है।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में संगठनों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




जुलूस निकालते मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी कार्यकत्री। ● अमृत विचार

- आंबेडकर पार्क से जुलूस निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे विभिन्न मजदूर संगठनों के कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर घोषित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में विभिन्न मजदूर संगठनों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार की श्रम, कृषि और आर्थिक नीतियों पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को प्रदर्शन में शामिल संगठनों ने कहा कि मौजूदा आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों का असर मजदूरों, किसानों और आम जनता की आजीविका पर पड़ रहा है। उन्होंने श्रम सुधारों और अन्य आर्थिक कदमों पर व्यापक परामर्श की आवश्यकता बताई, ताकि कामगारों के हित सुरक्षित रह सकें। मंच से वक्ताओं ने पुराने श्रम कानूनों के स्थान पर लागू नई श्रम संहिताओं पर चिंता जताई। उनका कहना था कि उनके कार्य के घंटे, वेतन सुरक्षा और संगठन की स्वतंत्रता जैसे मुद्दों पर असर पड़ सकता है। संगठनों ने मांग की कि श्रमिक हितों को ध्यान में रखते हुए श्रम कानूनों की पुनर्समीक्षा की जाए और संवाद की प्रक्रिया को मजबूत किया जाए।

ग्रामीण रोजगार और योजनाओं पर सवाल प्रदर्शनकारियों ने ग्रामीण रोजगार योजनाओं को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उनका कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की निरंतरता और पर्याप्त बजट सुनिश्चित किया जाना चाहिए। किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने कृषि नीतियों, बिजली क्षेत्र में बदलाव और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने मांग की कि किसानों की आय और उत्पादन लागत को ध्यान में रखते हुए एमएसपी की ठोस गारंटी व्यवस्था बनाई जाए। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में सीटू, एक्टू, एआईसीसीटीयूसी, उत्तर प्रदेश किसान सभा, उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन, आशा वर्कर एवं आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राज्य कर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन राज्य कर्मचारी महासंघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ) के नेतृत्व में राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त कर्मियों, संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों, आशा, रसोइया व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न वर्गों के कर्मियों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन कर्मचारियों ने लोक निर्माण विभाग में निर्माण खंड अधिशासी अभियंता के कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

गुरुवार को मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री, सरकार को संबोधित ज्ञापन जिला कार्यालय में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन में कहा कि संविदा, आउटसोर्स और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना से ग्रस्त हैं। पीएफआरडीए एक्ट निरस्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, चारों श्रम संहिताएं वापस लेने, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगाने, आठवें वेतन आयोग के संदर्भों की समीक्षा कर अंतरिम राहत देने तथा सभी कर्मचारियों, पेंशनर्स और संविदा कर्मियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की मांग उठाई गई। मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई। अन्य कार्यों में व्यस्तता व पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के कारण भी समय पर विवरण अपलोड नहीं हो सका। महासंघ ने एक माह का समय देने की मांग की है। इस दौरान संतोष कुमार, शिवांक रस्तोगी, जयपाल सिंह, सुमित कुमार, गौरव वर्मा, योगेन्द्र कुमार, दिनेश सिंह समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# वैलेंटाइन डे के विरोध में शिव सैनिकों की रणनीति तैयार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वैलेंटाइन डे के विरोध को लेकर युवा सेना के पदाधिकारियों ने बैठक कर 14 फरवरी को विरोध प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई।

गुरुवार को युवा सेना के जिला प्रमुख मुदित उपाध्याय ने बताया कि दो-तीन दिनों में शिव सैनिक शहर के होटल और रेस्टोरेंट संचालकों से संपर्क कर आपत्ति दर्ज कराएंगे। 14 फरवरी को जिला प्रमुख और महानगर प्रमुख शिबू पांडे के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। शिव सैनिकों का आरोप है कि वैलेंटाइन डे पाश्चात्य संस्कृति को बढ़ावा देता है। जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि 14 फरवरी को बलिदानी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। आकाश कश्यप, मयंक सैनी, अरुण ठाकुर, उमेश ठाकुर, विक्की कश्यप, सुरेश सैनी, जीतू और दीपक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राखी बंधवाएंगे राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि ने कहा कि आगामी 14 फरवरी को राष्ट्रीय बजरंग दल की 25 टीमें महानगर मुरादाबाद व मुरादाबाद ग्रामीण में विभिन्न स्थानों पर सक्रिय रूप से रहने वाली हैं। कोई प्रेमी जोड़ा पाया गया तो राष्ट्रीय बजरंग दल बहनों से भाइयों की कलाई पर रखी बंधवाएगा। विरोध करने वालों के परिजन को बुलाकर उनके सुपुर्द करेंगे।

## न्यूज डायरी

### भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते के विरोध में ट्रंप का पुतला फूंका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जिला मुरादाबाद इकाई द्वारा भारत-अमेरिका के मध्य हुए कृषि व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ट्रंप का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। गुरुवार को गांव मौड़ा तैया गांव के बाहर किसान नेताओं ने कहा कि भारत सरकार के अमेरिका कृषि समझौता को किसानों के हितों के सही नहीं बताया और इससे देश के कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से किसान हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे किसी भी समझौते पर पुनर्विचार करने की मांग की।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव चौधरी नौ सिंह ढिल्लों, ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र ढाका, ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ढिल्लों, जिला उपाध्यक्ष सुदेश मुखिया, जिला महासचिव यशपाल सिंह, किसान नेता सुरेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, ग्राम इकाई अध्यक्ष हरपाल सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष खजान सिंह (मोनू ढाका), हरेंद्र चौधरी, राहुल चौधरी, अतुल कुमार (मुंशी जी), वीर सिंह, सुरजीत ढाका, पूर्व प्रधान गजराज सिंह, डायरेक्टर सचिन ढाका एवं राजेश सिंह सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

### दुष्कर्म कर धमकी देने का आरोप चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हरथला हिमगिरी कॉलोनी निवासी युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। गुरुवार को सिविल लाइन प्रभारी ने निरीक्षक ने बताया कि तहरीर में युवती ने बताया कि वह ब्यूटी पार्लर का कार्य जानती है और अक्टूबर 2025 में हिमगिरी स्थित ब्यूटी पार्लर में करीब 15 दिन काम किया था। इस उसी दौरान पार्लर में कैमरे ठीक कर रहा तनवीर नामक व्यक्ति उससे मिला। तनवीर ने उसे मेहंदी का काम दिलाने का भरोसा दिलाया और संपर्क में रहने लगा। 27 जनवरी को दोपहर करीब 12 :30 बजे तनवीर ने फोन कर उसे बड़े काम का झांसा देकर बुलाया और बाइक से नागफनी थाना क्षेत्र के दौलत बाग स्थित परिचित के घर ले गया। वहां उसने युवती की इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया और उसके मोबाइल से आपत्तिजनक फोटो भी खींच लिए। जब युवती ने शादी की बात कही तो आरोपी और तनवीर और साथियों रहमान, अनस और रिजवान ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



### रेल कर्मियों ने मनाया काला दिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर गुरुवार को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के बैनर तले मंडल में काला दिवस मनाया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने ड्यूटी करते हुए काली पट्टी, काला बिल्ला और काला बैज पहनकर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार नए श्रम कानूनों के प्रति विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल मंत्री कामरेड राजेश चौबे ने किया, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कामरेड मनोज शर्मा ने की। फेडरेशन के महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा के निर्देश पर मंडल की सभी 18 शाखाओं में कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए विरोध कार्यक्रम में भाग लिया। शाखा पदाधिकारियों ने टोली बनाकर विभिन्न कार्यस्थलों पर पहुंचकर कर्मचारियों को काली पट्टी बांधी और नए लेबर कोड्स के प्रभावों की जानकारी दी। कहा कि स्थायी रोजगार पर खतरा बढ़ेगा, छंटनी आसान होगी, ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिलेगा और हड़ताल के अधिकार पर प्रतिबंध लगेगा। उन्होंने सरकार से इन कानूनों को तत्काल वापस लेने की मांग की। बताया कि मुरादाबाद में लगभग 2600 और पूरे मंडल में करीब 10 हजार कर्मचारियों ने काली पट्टी पहनकर विरोध दर्ज कराया।




### दरगाह सैयद नौ गजे पीर में नागरिक एकता समिति ने पेश की चादर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिमगिरी कॉलोनी स्थित दरगाह सैयद नौ गजे पीर रहमतुल्लाह आलेह के सालाना उर्स के अवसर पर नागरिक एकता समिति की ओर से गुरुवार को चादर पेश की गई। कार्यक्रम का आयोजन समिति के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एवं उर्स कमेटी इंतजामिया के फैजान सलमानी की नेतृत्व में हुआ। चादरी जुलूस फैजान सलमानी के आवास से शुरू होकर दरगाह शरीफ तक पहुंचा, जहां अकीदतमंदों ने पूरे सम्मान के साथ चादर पेश की। दरगाह परिसर में मुल्क और मिल्लत की सलामती, देश की तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। दुआ का नेतृत्व सैयद हाशिम ने किया। फैजान सलमानी ने आपसी सौहार्द और एकता बनाए रखने की अपील की। इस दौरान वार्ड आठ के पार्षद चंद्रभान मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर नईम राजा, इदरीश वारसी, नाजिम, नूर शाह बाबा, इंतजार हुसैन, बाबू शाह, शब्बू, नावेद, रियासत हुसैन उर्फ चुन्ना, शकील, अब्दुल रहमान, मोहम्मद इमरान, रिहान, हैदर अली, नसीम, शाहिद, सुहैल, राशिद आदि रहे।

# ले. जनरल डीजी मिश्रा ने किया त्रिशूल रक्षा संग्रहालय का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



वार मेमोरियल का निरीक्षण करते सेना व निगम के अधिकारी। ● अमृत विचार

- सेंट्रल कमांड के जीओसी इन सी के प्रस्तावित आगमन से पूर्व व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अमृत विचार :** सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता के शुक्रवार को प्रस्तावित मुरादाबाद आगमन से पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के लिए एवीएसएम के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा गुरुवार को मुरादाबाद पहुंचे। वह सेना के हेलीकॉप्टर से दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस पहुंचे, जहां नगर निगम अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने उन्हें नगर निगम की परियोजना त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद ले. जनरल मिश्रा ने संग्रहालय का निरीक्षण किया और विभिन्न मॉड्यूल का अवलोकन किया। उन्होंने थल, जल एवं वायु सेना से जुड़े शस्त्रों के मॉडल, युद्ध उपकरणों की प्रतिकृतियां, ऐतिहासिक दस्तावेज और सैन्य उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनों को देखा। अपर नगर आयुक्त ने संग्रहालय की संकल्पना और विकास यात्रा की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहालय की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल सशस्त्र बलों के गौरवशाली इतिहास को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और युवाओं में राष्ट्रभक्ति व अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करेगी।

**महानगर को आगे बनाए रखने के लिए नगर निगम ने कसी कमर :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर को देश के टॉप नगरों में बनाए रखने के लिए नगर निगम ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी क्रम में अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डोर-टू-डोर कलेक्शन, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, जन-जागरूकता गतिविधियां, शिकायत निस्तारण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसे मानकों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने व एक सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम की अनुबंधित आईईसी टीम एवं एआईआईएलएसजी टीम द्वारा वार्ड 13 (सिविल लाइंस), 8 (झांझनपुर), 15 (मऊ) और 31 (जिगर कॉलोनी) के सिविल लाइंस मार्केट क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यापक जन-जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुकानदारों व आम नागरिकों को पॉलीथीन का प्रयोग बंद कर कपड़े एवं जूट के थैलों का उपयोग अपनाने तथा दुकानों पर डस्टबिन रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले स्वास्थ्य व पर्यावरणीय दुष्प्रभावों की जानकारी दी और कचरा नगर निगम की गाड़ियों में ही डालने का आह्वान किया। इसी क्रम में वार्ड 39, कानून गोयान स्थित किशोरी फाटक पॉकेट एरिया में जन-जागरूकता बैठक आयोजित कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण पर जोर दिया गया। नागरिकों की समस्याएं सुनकर शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया।

# अधिवक्ता के परिवार को पांच करोड़ मुआवजा की मांग

## शहर से लेकर देहात तक अधिवक्ताओं में गुस्सा, कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, तहसील स्तर पर भी जोरदार प्रदर्शन कर सौंपे ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिला पंचायत कार्यालय में अधिवक्ता की हत्या के मामले में गुरुवार को बार एसोसिएशन रामपुर के पदाधिकारियों सहित काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रामपुर शहर से लेकर जिले की सभी तहसीलों में अधिवक्ताओं ने मामले को प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपे।

रामपुर में अधिवक्ता कार्य से विरत रहे। दोपहर में अधिवक्ता फारुख के जनाजे में शामिल हुए। इसके बाद कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में शोक सभा आयोजित की गई। इसमें बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी सहित पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल व सतनाम सिंह मट्टू सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने हत्या की निंदा की और मामले में परिजनों को पांच करोड़ रुपये की आर्थिक मदद की मांग की है।



कलेक्ट्रेट में एसपी से वार्ता करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार



बिलासपुर में तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को ज्ञापन देते अधिवक्तागण

शोक सभा के बाद काफी संख्या में अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को मामले में ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने बताया कि पांच करोड़ के मुआवजे के साथ, सिविल लाइंस इंस्पेक्टर को निलंबित की मांग की गई है। जबकि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय नीरज रस्तोगी की गिरफ्तारी की मांग भी वकीलों ने की है। इसके अलावा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग की है। अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र से मामले में देर तक वार्ता चली। पुलिस अधीक्षक ने मामले में कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि मामले में मांगे पूरी ना होने तक कड़ा विरोध जारी रहेगा। शुक्रवार को भी रामपुर में अधिवक्ता कार्य से विरत रहेंगे। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव यादव, उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम, उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह, उपाध्यक्ष मुरताज अली, संयुक्त सचिव सोहनलाल, पूर्व बार अध्यक्ष बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू, पूर्व बार अध्यक्ष श्यामलाल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे सरकार

रामपुर, अमृत विचार : लायर्स एसोसिएशन की बैठक में महासचिव डॉ. वैष्णो दत्त शर्मा ने कहा कि फारूख अहमद खां एडवोकेट की हत्या से सबक लेते हुए सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की है। बैठक में सिराज अहमद, अली हसन, प्रेमराज सिंह, संजय कुमार, बाबू अली, मोहम्मद शोएब खां, हरिओम एडवोकेट, दानिश खां मौजूद रहे। अध्यक्षता सैयद जफर अली मियां ने जबकि, संचालन डॉ. वैष्णो दत्त शर्मा ने किया।

### बिलासपुर, स्वार और टांडा के अधिवक्ताओं में भी रोष, ज्ञापन देकर की विभिन्न मांगें

**बिलासपुर/टांडा/स्वार,अमृत विचार :** बार एवं लायर्स से जुड़े अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता की हत्या को लेकर तहसील में नारेबाजी और प्रदर्शन किया। गुरुवार को बार एवं लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम अरुण कुमार और तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को सौंपा।अधिवक्ता के हत्यारे को सख्त सजा दिए जाने, इस प्रकरण की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में किए जाने, मृतक अधिवक्ता के परिजनों को मुआवजा दिए जाने, अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक लागू किए जाने आदि की मांगें शामिल है। इस मौके पर अरविंद गुप्ता, नवीन चंद्र गुप्ता, मोहम्मद आसिम रजा, राजेंद्र कुमार सक्सेना, राकेश शर्मा, अमरीक सिंह चौहान, दीपांकर बैरागी, ओमप्रकाश यादव, शिवकुमार गुप्ता, अब्दुल मोबिन अंसारी, आदिल खां, भगवंत सिंह, महफूज अली, मोहम्मद यूसुफ, अमान खां, अनूप गुप्ता आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे। इसके अलावा टांडा में भी वकीलों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वकीलों ने दो दिनों तक न्यायिक कार्यों से विरत रहने का ऐलान किया। ज्ञापन देने वालों में सतपाल सिंह चौहान, भारद्वाज सिंह, संजय सिंह, दिनेश सिंह, खुर्शीद अहमद, मुबस्सर अली, अनीस अहमद, तेजवीर सिंह, मोहम्मद इमरान, इर्तिफा उर्रेहमान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं स्वार में बार वेलफेयर एसोसिएशन एवं सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अमन देओल के माध्यम से प्रेषित किया। बार वेलफेयर एसोसिएशन एवं सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन संयुक्त रूप से 12 फरवरी से आगामी तीन दिनों तक न्यायिक एवं निबंधन कार्य से विरत रहने का ऐलान किया। इस दौरान संयुक्त बार अधिवक्ता मौजूद रहे। इस दौरान अध्यक्ष विक्रम सिंह संधू, राशिद अली गोस, शेख नदीम अहमद, आसिफ अंसारी, आरिफ अल्वी, राजेंद्र नाथ गोस्वामी, राशिद खां, सहित संयुक्त बार के अधिवक्ता मौजूद रहे।



अधिवक्ता के सुपुर्द ए खाक के दौरान तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार



अधिवक्ता का जनाजा ले जाते गमगीन लोग। ● अमृत विचार



केबिन में गोली लगने के दौरान की सीसीटीवी फुटेज। ● अमृत विचार

# पुलिस बल की मौजूदगी में अधिवक्ता का शव सुपुर्द-ए-खाक

कार्यालय रामपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार को अधिवक्ता फारूख के जनाजे को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेल रोड स्थित कब्रस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए शहर की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, एसपी विद्या सागर मिश्र पुलिस बल के मौके पर मौजूद रहे।

जिला पंचायत कार्यालय में बुधवार दोपहर को हेड क्लर्क ने कहासुनी के दौरान एक अधिवक्ता को गोली मार दी थी, अस्पताल ले जाते समय अधिवक्ता की मौत हो गई। नगर कोतवाली नालापार निवासी वकील फारुख अहमद खान (45) की पत्नी गौसिया सिविल लाइंस थाना क्षेत्र राहे रजा स्थित जिला पंचायत कार्यालय में क्लर्क हैं। थाना पटवाई क्षेत्र के मिलक तहव्वुर गांव का रहने वाला असगर अली भी हेड क्लर्क है। बुधवार को गौसिया और बाबू असगर अली के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद पति अधिवक्ता फारुख को बुलाया तो मामला गर्मा गया। इसी दौरान बाबू असगर ने लाइसेंसी पिस्टल से गोली चला दी। जिसमें अधिवक्ता की मौत हो गई। गुरुवार को अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र सहित कोतवाली थाने सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। वहीं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र लोधी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पुलिस को अंदेशा था कि लोगों में गुस्सा है, कहीं जनता विरोध प्रदर्शन न हो जाए। मामले को लेकर एसपी विद्या सागर मिश्र लगातार अधिवक्ताओं से संपर्क साधे हुए थे। जबकि सीओ सिटी जितेंद्र कुमार और कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही। एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि मृतक को सुपुर्द ए खाक कर दिया है। आरोपी असगर पुलिस हिरासत में है और उसका इलाज मुरादाबाद में चल रहा है। मामले में कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव यादव, उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम, पूर्व बार अध्यक्ष बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू, पूर्व बार अध्यक्ष श्यामलाल सहित अन्य अधिवक्ता सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



जनाजे में शामिल हुए एसपी और साथ में बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

- बुधवार को गोली मारकर हुई थी अधिवक्ता की हत्या

### सीसीटीवी में बाबू को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं अधिवक्ता

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत कार्यालय में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या में जुड़ा सनसनीखेज सीसीटीवी सामने आया है। जिसने पल भर में पूरी घटना को सामने रख दिया। हेड क्लर्क ने अपने केबिन के अंदर ही अधिवक्ता फारूक खान को गोली मार दी। इससे पहले कुछ मिनटों तक दोनों के बीच विवाद हुआ। फिर बाबू ने अपनी जेब से पिस्टल निकालकर अधिवक्ता को गोली मार दी। दो मिनट 52 सेकंड की सीसीटीवी फुटेज में अधिवक्ता फारुख और हेड क्लर्क असगर अली के केबिन में दाखिल हुए और फिर एक के बाद एक तीन थप्पड़ असगर अली को जड़ दिए। अधिवक्ता के साथ एक अन्य अधिवक्ता भी चैंबर में दाखिल होते हैं, दोनों के बीच विवाद को सुलझाने की कोशिश की जाती है। फिर अन्य व्यक्ति आकर अधिवक्ता फारुख खान को समझाकर बाहर ले जाने की कोशिश करता है। फारुख बाहर चले जाते हैं, मगर इतने में दोबारा तीखी बहस होने लगती है। इतने में हेड क्लर्क अपनी जेब से पिस्टल निकालकर बाहर खड़े अधिवक्ता फारुख की तरफ बढ़ता है, वहां मौजूद दो अन्य लोग रोकने की कोशिश करते हैं। मगर तैश में आकर फारुख दोबारा बाबू के चैंबर में दाखिल होते हैं और पिस्टल छीनने का प्रयास किया। इसी छीना झपटी में दोनों कुर्सी पर गिरे और फिर बाबू ने गोली चला दी। गोली लगते ही अधिवक्ता गिर पड़ते हैं। सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि गोली मारकर बाबू फरार हो जाता है।



केबिन अधिवक्ता फारुख और बाबू असगर के बीच होती कहासुनी का सीसीटीवी फुटेज।

## न्यूज ब्रीफ

### शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं महाशिवरात्रि का पर्व

**सैफनी, अमृत विचार :** आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, रमजान और होली को लेकर गुरुवार को सैफनी थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान थानाध्यक्ष अजय मिश्रा ने सभी लोगों से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की उन्होंने त्योहारों पर हुड़दंग करने और शांति भंग करने वालों से सख्ती से निपटने की बात कही। युवक नशे से दूर रहें।

### दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम जरूरी

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर के शाहबाद-बिलारी रोड स्थित एक मैरिज हॉल में गुरुवार को मदरसा फैजाने मखदूम अशरफ के तत्वावधान में जलसा-ए-दस्तारबंदी हुआ। इस अवसर पर कुरआन हिफ्ज करने वाले 5 बच्चों की दस्तार बंदी की गई जबकि नादिरे से फारिग होने वाले 66 बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया। मौलाना अमिर रजा ने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम दिलाना भी जरूरी बताया। जलसे का आगाज तिलावत ए कुरआन मजीद से हुआ इसके बाद नात-ए-पाक पेश की। इसके बाद मेहमाने खुसूसी ने हाफिज मोहम्मद उवैस, हाफिज मोहम्मद वसी, हाफिज रईहान, मोहम्मद उजैर सहित पांच बच्चों को दस्तार बांधी। जलसे में नादिरे से फारिग होने वाले 66 बच्चों को सनद देकर उनके आगे पढ़ाई करते रहने के लिए दुआ की। मदरसे के प्रिंसिपल मोहम्मद कासिम, मुदर्रिस हाफिज मंसूर आलम, हाफिज हैदर अली, रेहान, अब्दुल वाहिद, राशिद हुसैन, इकरार हुसैन, नबी जान, हाफिज यासीन, मास्टर उमर आदि मौजूद रहे।

### मनरेगा को खत्म करने की रची जा रही साजिश

**रामपुर, अमृत विचार :** सींगनखेड़ा स्थित ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली खां के आवास पर गुरुवार को हुई संवाद महापंचायत में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश रच रही है। अब मनरेगा मजदूरों का अधिकार नहीं रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा कानून ग्रामीण भारत के गरीब, मजदूर और किसान के लिए जीवन रेखा है, लेकिन भाजपा सरकार इसे कानून के दायरे से बाहर कर संविधान की आत्मा पर हमला कर रही है। मनरेगा के कमजोर होने से लोगों का गांवों से शहरों की ओर पलायन तेज होगा और सामाजिक असमानता और गहरी होगी। इस मौके पर दुर्गेश मौर्य ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर साहिर रजा खां,नोमान मुमताज खां, ताहिर अंजुम, मोहम्मद जकी, इमरान अली, आरिफ अल्वी, यासिर शाह खान, हामिद रजा, महबूब मियां, कुदरत, भोले सागर, रहमत अली, प्रकाश लोधी, सुमेरी तुरैहा, जफर, विनोद शर्मा, अशरफ अली, शरीफ अंसारी, मुबश्शिर, इसरार अंसारी, रेहान अंसानी, अजीज उल्ला खां समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता महापंचायत में मौजूद रहे।

# फटकार के बाद विधायक के कार्यालय पर लगा शिविर

संवाददाता स्वार

- घंटों इंतजार करते रहे लोग विधायक ने जताई नाराजगी
- डीआईओ ने सीएचसी प्रभारी की फटकार लगाई

**अमृत विचारः** स्वार टांडा विधायक के कैंप कार्यालय पर हज यात्रियों का टीका करण प्रस्तावित स्वास्थ्य शिविर न लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तय कार्यक्रम के अनुसार विधायक शफीक अहमद अंसारी के कैंप कार्यालय पर लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर लगाया जाना था।

सीएचसी प्रभारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही स्टाफ को सीएचसी परिसर में ही शिविर लगाने के निर्देश दे दिए। जबकि स्वयं मौके से नदारद हो गए। इससे कैंप कार्यालय पर पहुंचे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शिविर न लगने की जानकारी मिलने पर डीआईओ डॉ. केके चहल ने नाराजगी जताते हुए सीएचसी पहुंच गए।

वहां भी सीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव कुमार चंदेल नदारद मिले। इस पर डीआईओ ने उन्हें फोन पर तलब किया और फटकार लगाई। मौके पर मौजूद लोगों ने डीआईओ को बताया कि सीएचसी प्रभारी मुरादाबाद में निवास करते हैं। जिसके कारण वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर से नदारद रहने के साथ लेट आते है। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

डीआईओ ने सीएचसी के चिकित्सकों एवं स्टाफ को तत्काल नगर के बिलासपुर तिराहा स्थित विधायक के कैंप कार्यालय पहुंचकर शिविर आयोजित करने और लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। शिविर लगने के बाद हज यात्रियों का चिकित्सकों ने टीकाकरण किया।



स्वार डीआईओ की देखरेख में हज यात्रियों का टीकाकरण करते चिकित्सक।

### अपशब्द बोलने पर जाटव समाज में रोष

**रामपुर, अमृत विचारः** अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर ने सीओ मिलक की जांच कर हटाए जाने की एसपी से मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीओ की वीडियो वायरल हुई है। जिसमें जाटव समाज के प्रति वह जाति सूचक अपशब्द बोले हैं। वीडियो वायरल होने से अनुसूचित समाज में रोष व्याप्त है। पुलिस क्षेत्राधिकारी मिलक क्षेत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की गई है। मांग है कि क्षेत्राधिकार मिलक कि जब तक जांच चले तब तक उनको मिलक क्षेत्र से हटाकर अन्य स्थान पर तैनाती की जाए। जिससे जांच को प्रभावित न कर सकें। क्योंकि यह अलंकार अग्निहोत्री के पक्षकार हैं और अनिल मिश्रा एडवोकेट के समर्थक हैं।

# विद्यार्थियों के विकास पर कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचारः** नैनीताल रोड स्थित इम्पैक्ट कॉलेज में गुरुवार को सीएंडसी मीडिया बरेली द्वारा विद्यार्थियों के विकास विषय पर कार्यशाला कराई गई। इसमें मुख्यातिथि डॉ. पवन सक्सेना ने कहा कि विद्यार्थियों का विकास हो और वे प्रतियोगिता के दौर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें।

उन्होंने काउंसिंग कर छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष 2020 से आए बदलाव के बारे में जानकारी दी। माउंट लिटेरा जी स्कूल और जीडी गोयंका स्कूल नैनीताल के सौजन्य से कार्यशाला हुई। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आसिम अहमद, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर शिखा शर्मा व असिस्टेंट प्रोफेसर यास्मीन जैदी ने सभी मेहमानों का स्वागत कर परिचय करवाया। ने कहा कि तेजी से बदलाव के इस दौर में इस तरह के आयोजनों की जरूरत है। मुख्य ट्रेनर डॉ. उजमा कमर ने छात्र-छात्राओं को अपनी क्षमता पहचानने के टिप्स दिए। कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि काउंसलिंग का उद्देश्य केवल समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि आपकी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें सही दिशा देना है। कॉलेज चेयरमैन डॉ. सुलतान सैफी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह सौंपा। कॉलेज एमडी सरताज अहमद समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर शिखा शर्मा ने किया।



कार्यशाला के बाद प्रमाण पत्र देते कॉलेज चेयरमैन डॉ. सुल्तान सैफी। ● अमृत विचार

- इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी में हुआ कार्यक्रम

### आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों को देखते हुए खजुरिया थाना परिसर में शांति समिति की गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने सभी से त्योहार मिलजुल कर मनाने का आह्वान किया। सीओ ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने सख्त लहजे में कहा कि यदि किसी ने भी शांति भंग करने की कोशिश की या हुड़दंग मचाया, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने भी लोगों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं का मिला लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- जिले भर में 12755 लोग हुए लाभान्वित
- छात्रवृत्ति, शादी अनुदान एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनाओं में अच्छी उपलब्धि

**अमृत विचारः** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से 7 फरवरी 2026 तक विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के तहत कुल 5765 छात्र-छात्राओं को रुपये 124.77 लाख की धनराशि वितरित कर लाभान्वित किया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया कि इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को शिक्षा जारी रखने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत कुल 5552 छात्र-छात्राओं को रुपये 167.99 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह योजना उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान योजना के तहत अप्रैल 2025 से 7 फरवरी 2026 तक कुल 1204 लाभार्थियों को रुपये 240.80 लाख की धनराशि अनुदान स्वरूप प्रदान की गई।

### संकेतकों का भौतिक सत्यापन कराएं: सीडीओ

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने आकांक्षात्मक विकासखंड सैदनगर में संपूर्णता अभियान का गुरुवार को शुभारंभ किया। इस मौके पर सीडीओ ने कहा कि जिन संकेतकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि दर्शाई गई है, उनकी एक बार भौतिक सत्यापन किया जाए। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख सैदनगर मोहित सैनी और उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह मौजूद रहे। सीडीओ ने कहा कि सभी विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति का परीक्षण कर लिया जाए। जहां कहीं कमी पाई जाए, वहां क्षेत्र पंचायत अथवा ग्राम पंचायत के माध्यम से त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जाए।

# दीवार तोड़कर लगाए गेट पर वक्फ ने लगाया बैनर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- इमामबाड़े में गेट खोलने से लोगों में रोष व्याप्त

**अमृत विचारः** इमामबाड़ा किला की दीवार तोड़कर अब्बास मार्केट में लगाए गए गेट पर कार्यालय औकाफ की ओर से गुरुवार को बैनर लगवाया गया है। जिसकी इबारत है कि सार्वजनिक को अवगत किया जाता है कि यह गेट आपातकालीन स्थिति में खोला जाएगा।

इमामबाड़े में गेट खोले जाने की शिकायत मुख्यमंत्री समेत शिया वक्फ बोर्ड में भी की गई है। गौरतलब है कि वक्फ इमामबाड़े की संपत्ति में अब्बास मार्केट बनी हुई है। अब्बास मार्केट के तीन गेट हैं जिसमें एक गेट शहर की जामा मस्जिद के सामने, दूसरा गेट चप्पल बाजार में और तीसरा गेट बर्तन बाजार में खुला हुआ। लोगों का कहना है कि अब्बास मार्केट के तीन गेट होने के बावजूद इमामबाड़ा परिसर में मार्केट का आपातकाल गेट खोले जाने का क्या औचित्य है। जबकि, अब्बास मार्केट पूर्व सांसद नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां के दौर से बनी हुई है। अब्बास मार्केट का नक्शा पास हुआ उस समय विशेषज्ञों ने इमामबाड़े की ओर गेट नहीं बनवाया था। क्योंकि इमामबाड़ा इबादतगाह है और इसमें महिलाओं और पुरुषों की मजलिस, मातम, जलसे होते हैं। इससे पहले भी इमामबाड़ा परिसर में अब्बास मार्केट का गेट खोला गया था जिसमें लोगों द्वारा विरोध जताने पर पुलिस ने गेट बंद करा दिया था। लोगों की मांग है कि गेट को हटवाया जाए ताकि, इबादतगाह में किसी की दखलअंदाजी नहीं हो सके।




इमामबाड़ा किला में खोले गए गेट पर वक्फ कार्यालय द्वारा लगवाया गया बैनर।

इमामबाड़े में लगवाया गेट सार्वजनिक नहीं है। अब्बास मार्केट में कोई दुर्घटना हो सकती है जिसके मद्देनजर इमामबाड़े की ओर गेट लगवाया गया है। गेट को आपातकाल स्थिति में खोला जाएगा। इसका बैनर गेट पर लगवा दिया गया है।

– हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां, मुतवल्ली औकाफ

## न्यूज ब्रीफ

### आज 5 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विद्युत वितरण उपखण्ड केमरी के अंतर्गत 33/11 केवीए पर मरम्मत कार्य के दौरान आज (शुक्रवार) को पांच घंटे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को उपकेंद्र केमरी में 33/11 केवीए का परीक्षण कार्य किया जाएगा, जिसके चलते दिन में 11 बजे से शाम 4 बजे तक पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### अकबराबाद में दौड़ रहे हैं ओवरलोड वाहन

**मसवासी, अमृत विचार :** दढ़ियाल क्षेत्र के गांव अकबरवाद के कोसी नदी क्षेत्र में रात में रेत के ओवरलोड वाहन दौड़ रहे हैं। एसडीएम ने लेखपाल को जांच क्षेत्र के गांव अकबराबाद में कोसी नदी किनारे तमाम खेतों से बिना स्वीकृति के रेत उठाया जा रहा है। रातों-रात इस धंधे को अंजाम दिया जा रहा है। कोसी किनारे स्थित खेतों में फसलों को भी खनन माफिया के वाहन ने तहस-नहस कर दिया है। मसवासी के गांव भूबरा मुस्तकहम के किसान रामपाल सिंह, गणेशलाल, सोमपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, राकेश कुमार आदि ने इसकी शिकायत की है।

# बैंक कर्मचारियों का मांगों लेकर प्रदर्शन

## नए श्रम कानून के विरोध में बैंक कर्मचारी लामबंद, बैंकों में स्टॉफ की कमी पर भी जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


सिविल लाइंस स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा के समक्ष प्रदर्शन करते बैंककर्मी।

**अमृत विचारः** आल इंडिया बैंक एम्पलाइज यूनियन के आह्वान पर नए श्रम कानून के विरोध में बैंक कर्मचारी गुरुवार को हड़ताल पर रहे। इसके अलावा सिविल लाइंस स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। नए श्रम कानून को वापस नहीं लिए जाने पर बैंक कर्मचारियों ने देश भर के बैंकों मे हड़ताल की चेतावनी दी है।

बैंक कर्मचारी सिविल लाइंस स्थित शाखा पर एकत्रित हुए और नए श्रम कानून को वापस लिए जाने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक प्रोग्रेसिव इंप्लाइज एसोसिएशन के जिला सचिव एमके चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार नए श्रम कानून को लेकर बैंकों में निजीकरण का प्रयास कर रही है। आईडीबीआई बैंक को बेचा जा रहा है। कहा कि हमने सरकार से मांग की है कि आम ग्राहकों के लिए बैंक में सेवा शुल्क किया जाए। इलाहाबाद बैंक स्टाफ एसोसिएशन के सचिव जगमोहन अग्रवाल ने कहा कि बैंकों में स्टाफ की कमी है। जिसके कारण ग्राहकों को बैंकों में समस्या आती है। मांग की है कि बैंकों में पर्याप्त मात्रा में स्टाफ की भर्ती की जाए। इसके अलावा कहा कि बैंकों में विनिवेश बंद किया जाए। कहा कि किसी भी बैंक को बंद नहीं किया जाए। यूपी बैंक एम्पलाइज यूनियन के सचिव आशुतोष गुप्ता ने सरकार से मांग की है कि युवाओं को स्थाई रोजगार दिया जाए। ठेका प्रथा आउटसोर्सिंग बंद की जाए। जिला सहकारी बैंक स्टाफ एसोसिएशन के सचिव शाहरुख आलम ने कहा कि नई पेंशन स्कीम को बंद कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। प्रदर्शन में बीएस रावत, राजेश मलिक, सुनील कुमार, अरुण कुमार, जावेद अली, अनिल कुमार, शोभा रानी, कुलदीप यादव, प्रमोद कुमार, राहुल अग्रवाल, सुशील कुमार, नवीन कुमार सिंह, सुल्तान सिंह, राजीव कुमार, एमके चौहान और जगमोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### बीमा कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर की हड़ताल

**रामपुर, अमृत विचार :** देश के 10 केंद्रीय क्रमिक संगठनों तथा बैंक-बीमा सहित 50 से ज्यादा स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर गुरुवार को आवास विकास शाखा कार्यालय रामपुर में बीमा कर्मचारी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के प्रमुख मुद्दों में देश में लागू हुए चार लेबर कोड़ क्रमिकों को गुलाम बनाने की प्रक्रिया है। 8 से बढ़ाकर 12 घंटे करने के काम करना गलत है। देश में कार्यरत करोड़ों आंगनबाड़ी, आशा वर्कर्स स्वास्थ्य सेविकाओं तथा गिग वर्कर्स को श्रमिकों का दर्जा न देना। देश में हायर एंड फायर की नीति को बंद कराना। देश के करोड़ों असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को न्यूनतम वेतन निर्धारित करना। देश की सेना का सम्मान बढ़ाने के लिए है। अग्निवीर जैसी योजना बंद कर प्रत्येक सैनिक को अघतन लाभ दिलना। सार्वजनिक उद्योगों के निजीकरण को रोकने के लिए है। सरकारी व सार्वजनिक संस्थानों में स्वीकृत पदों को शीघ्र भरने के लिए हड़ताल की गई है। हड़ताल में हरि सिंह सागर, भगवान दास, दीवान सिंह, राजेंद्र सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह, राकेश कुमार, विजय श्रीवास्तव, कंचन पांडे, चंद्रशेखर, मो. शादाब, सुरेश सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।



आवास विकास स्थित एलआईसी कार्यालय पर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

# कृषि समझौते के खिलाफ किसानों ने किया प्रदर्शन



हाईवे पर नारेबाजी करते हुए जाते किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **भारत-अमेरिका कृषि समझौते को बताया किसानों के लिए घातक**

**अमृत विचारः** भारत-अमेरिका के बीच हुए कृषि समझौते के विरुद्ध गुरुवार को खूब गरजे। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों ने हाईवे पर नारेबाजी की। नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी आवास पहुंचे और समझौते की प्रतियां फूंकी।

भाकियू टिकैत के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि केंद्र सरकार कृषि समझौता कर किसानों को गुलाम बनाना चाहती है। समझौते से किसानों को नुकसान पहुंचेगा। दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित नारेबाजी की। इससे जाम लग गया। किसानों का जुलूस डीएम आवास पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए समझौते की प्रतियां फूंकीं। तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह विर्क ने कहा कि भारत सरकार अमेरिकी खाद्य एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सामने आत्मसमर्पण की स्थिति में आ गई है। किसानों यह किसी भी हालत में स्वीकार नहीं होगा। इस मौके पर यादविंदर सिंह, मुस्तकीम, पंकज यादव, नदीम यार, नजीब खां, मोहम्मद शरिक, कादिर खां, दरियाव सिंह, मोहम्मद तालिब, अमीर, शाकिर, दरबारी लाल शर्मा आदि रहे।

# कांवड़ लेने के लिए शिवभक्तों का जत्था रवाना


कांवड़ लेने के लिए जयकारे लगाते हुए हरिद्वार जाते शिव भक्त। ● अमृत विचार


शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, ढकिया

● **महाशिव रात्रि पर जलाभिषेक करेंगे ढकिया गांव के श्रद्धालु**

**अमृत विचार :** महाशिव रात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। रविवार को महाशिव रात्रि पर्व के चलते ढकिया गांव से कांवड़ियों का जत्था कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार रवाना हो गया है।

जत्थे में शामिल शिव भक्तों ने पहले सिद्धनाथ बाबा की मढ़ी पर पूजा अर्चना की। इसके बाद शुक्रवार वाली मढ़ी और स्कूल वाली मढ़ी पर भी पूजा अर्चना करने के बाद शिव भक्त हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए हरिद्वार के लिए रवाना हो गए। परिजनों व समर्थकों ने शिव भक्तों को टीका लगाकर रवाना किया। इस दौरान भोले नाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़ लेने जाने वाले जत्थे में विपिन, अमित, धर्मवीर, प्रेमशंकर, सुदेश, सत्यवीर, तेजपाल, विमल, विशाल, नितिन, मुनीश, नरेश, कमल, कुलदीप, दीपू, पवन आदि शामिल रहे।

### भोलेनाथ की प्रतिमा की मंदिर में की प्राण प्रतिष्ठा

कस्बा में बुधवार शाम को धूमधाम से महिला पुरुषों ने भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा की शोभायात्रा निकालकर बड़े शिव मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद प्रतिमा की स्थापना कराई। इस दौरान प्रसाद का भी वितरण किया गया। भोलेनाथ की शोभायात्रा निकालने के दौरान श्रद्धालु राहुल, स्पर्श, हिमांशु, दीपू, मुनीश कुमार सिंह, विदेश पाल सिंह, महेश, लोकेंद्र, मोहर सिंह, सौरभ, शिवम, अंकित, रवि आदि मौजूद रहे।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा से अनुपस्थित रहे 112 परीक्षार्थी

**रामपुर, अमृत विचारः** मदरसा बोर्ड परीक्षा में गुरुवार को 112 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा में 517 परीक्षार्थी शामिल हुए। पहली पाली में 90 जबकि, दूसरी पाली में 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

श्री हरि इंटर कॉलेज में हुई पहली पाली की परीक्षा में 217 छात्र-छात्राओं में से 160 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 57 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जवाहर इंटर कालेज में 249 में से 216 शामिल हुए और 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 466 परीक्षार्थियों में से 376 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए दूसरी पाली की परीक्षा में श्री हरि इंटर कालेज में 89 में 73 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जवाहर इंटर कॉलेज में 74 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 68 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आह्वान पर किसानों ने भारत-अमेरिका कृषि समझौते के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को सौंपा।

किसान कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए और धरना प्रदर्शन करने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित पूरी तरह मशीनरी और बड़े कॉर्पोरेट फॉर्म मॉडल पर आधारित है। इससे भारतीय किसान जो पहले ही एमएसपी की लड़ाई लड़ रहा है वह इस प्रताप में कैसे टिकेगा। भारत का डेयरी मॉडल छोटे और सीमांत किसानों व सहकारी व्यवस्था पर टिका हुआ है। अमेरिकी डेयरी उत्पादों का प्रवेश होने से भारतीय दुग्ध उत्पादन को झटका लगेगा। इस दौरान अरिजीत सिंह, निर्पेजित सिंह, होरीलाल, हरपाल सिंह सिंह चीमा, गुरजीत कोटिया, प्रकाश सिंह, नईम प्रधान, लखबीर सिंह, हरजीत सिंह, निशांत, खुशीराम, चौधरी सुंदर पाल सिंह, राशिद चौधरी, ठाकुर अजीत सिंह, नासिर, मीनू यादव, हाजी हजूर, शकीरा, जावेद, मुराद अली खान, राजवीर सिंह, राजवीर सिंह, जगतपाल सिंह, महावीर सिंह, बन्नू सिंह, अंतराम सिंह, अमीर अहमद, मनिंदर सिंह चीमा, सुरजीत सिंह, गुरपेज सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों के लिए समर्पित रहे अजीत सिंह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजीत सिंह की जयंती मनाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **पार्टी कार्यकर्ताओं ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन**

**अमृत विचारः** शौकत अली रोड स्थित रालोद जिला कार्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजीत सिंह की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए की।

रालोद जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह केवल नेता नहीं, बल्कि किसानों की उम्मीद, ग्रामीण भारत की आवाज और खेत-खलिहान से उठी ताकत थे। चौधरी अजित सिंह के प्रयासों से उत्तर प्रदेश एवं पश्चिमी यूपी में अनेक चीनी मिलों की स्थापना हुई। जिससे गन्ना किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य, समय पर भुगतान और स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला। उन्होंने संसद से लेकर सड़क तक किसानों की समस्याओं को उठाकर साबित किया कि राजनीति जनसेवा का माध्यम हो सकती है। कार्यक्रम में रालोद रुहेलखंड की महासचिव सुमन सिंह परिहार ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कुलदीप कौर, नगर अध्यक्ष नवाब खान, जिला उपाध्यक्ष कलावती, नावेद खान, जुनैद खान, शंकर लाल लोधी, रामकिशन सागर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर प्रभात भारद्वाज को जिला महासचिव नियुक्त किया गया।

# मदरसा दरसुल उलूम में हाफिजों की हुई दस्तारबंदी

**मसवासी, अमृत विचारः** मदरसा दरसुल उलूम मे इस्लाहे मुआशरे का आयोजन किया गया। जिसमें उलमाओं ने मदरसे के तालिबे इल्मों की दस्तारबंदी की। मदरसे के बारह तालिबे इल्म को पगड़ी पहनाकर दस्तारबंदी कर सनद सौंपी गई।

मदरसा दरसुल उलूम मे बुधवार की देर रात जलसा हुआ। उलमाओं ने कुरआन की फजीलत बयान की। मुफ्ती अब्दुल गफूर संभली ने कहा कि हर मुसलमान को अपने बच्चों को हिफ्ज कराना चाहिए। जिससे दीन दुनिया मे कामयाबी मिलती है। मुफ्ती मुनव्वर हुसैन बब्बरपुरी ने फरमाया कि लोगों को अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ साथ दुनयावी तालीम दिलानी चाहिए। मौलाना मोहम्मद नादिर व मुफ्ती मोहम्मद सालिम मजरा हसन ने भी बयान किया।

**आयोजन** महात्मा गांधी स्टेडियम में हुई सैदनगर ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं खेल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


सैदनगर में ब्लॉक स्तरीय खेलों का शुभारंभ करते बीईओ सुनील सक्सेना।

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी स्टेडियम सैदनगर में गुरुवार को ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ सैदनगर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित के साथ बालक वर्ग की 400 मी रेस को हरी झंडी दिखाकर किया। सुनील कुमार सक्सेना ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है।

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है यदि हम पूर्ण रूप से शारीरिक तौर पर स्वस्थ होंगे तभी हमारा मस्तिष्क भी स्वस्थ होगा। प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में जुबैर हुसैन उच्च प्राथमिक विद्यालय सींगनखेड़ा प्रथम व बालिका वर्ग में मंजू उच्च प्राथमिक सैदनगर प्रथम रहीं। वहीं अन्य खेलों में खिलाड़ियों ने जमकर प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में सैदनगर ब्लॉक की सभी न्याय पंचायत में प्रथम आने वाले बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान डॉ. सरफराज अहमद, अनीसा लतीफ, प्रभात कुमार, हरीश कुमार, चंचल कुमार, भारत सिंह, वीर सिंह, रहमत अली, चिरंजीव गुड्डू, धन सिंह, जुल्फिकार अली, सुभाष बाबू, शबनम आरा, शाहीन बी, नीता रानी, योग माया, शमा परवीन, अरुणा निमेष, राजकुमार तोमर, जितेंद्र सिंह, नाजिम अली, अनिल कुमार, सुनील कुमार, शशि वाला, किरण भारद्वाज, ज्योति कश्यप, अमरपाल सिंह, शगुन गुप्ता, विजेंद्र कुमार, सुनील सिंह, सुनील कुमार, रजनेश, अभिषेक शर्मा, रितिका, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

### ये रहे परिणाम

प्राथमिक स्तर में 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम कृष्णा काशीपुर व बालिका वर्ग में प्रथम इल्मा मिलक हाशम, 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम कृष्णा, काशीपुर व बालिका वर्ग में प्रथम गुरुमुखी मझरा सींगनी, 200 मी. दौड़ बालक वर्ग में प्रथम अरसलान मिलक हाशम व बालिका वर्ग प्रथम इल्मा मिलक हाशम। खो-खो बालक वर्ग में प्रथम प्रा.वि. मड़ैयान मदारी व बालिका वर्ग में प्रथम प्रा. वि. मड़ैयान मदारी। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम, कृष्णा मझरा काशीपुर व बालिका वर्ग में प्रथम हर्षिता प्रा. वि. लालपुर। उच्च प्राथमिक स्तर में 100 मी. दौड़ बालक वर्ग में प्रथम में अमित चौधर पुर व बालिका वर्ग में प्रथम आंचल सैदनगर। 200 मी. दौड़ बालक वर्ग में प्रथम, अनुज सींगनखेड़ा व बालिका वर्ग में प्रथम सारा आंगा।

## न्यूज डायरी

### डीएमए वाटिका प्ले-वे में हुई क्विज प्रतियोगिता



**रामपुर, अमृत विचार :** दयावती मोदी अकादमी के वाटिका प्लेवे विंग द्वारा गुरुवार को क्विज प्रतियोगिता की गई। प्रतियोगिता में केजी और कक्षा 1 के बच्चों ने प्रतिभाग किया। क्विज में बच्चों ने कंप्यूटर की मदद से सवालों का उत्तर दिया और अपनी बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्या व डायरेक्टर डॉ. सुमन तोमर ने प्रतियोगियों को सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। हेड मिस्ट्रेस प्रीति भाटिया ने सभी बच्चों, अभिभावकों, अतिथि व स्टाफ का धन्यवाद किया।



### ग्रीनवुड स्कूल में कक्षा-12 के छात्र छात्राओं को दी विदाई

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा-12 विद्यार्थियों के सम्मान में गुरुवार को विदाई समारोह आयोजित हुआ। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का गुरुवार को स्कूल अंतिम दिन था, क्योंकि बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होने वाली हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान और प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने किया। सीनियर विद्यार्थियों ने स्कूल में बिताए गए यादगार पलों को व्यक्त किया। स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान और प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, हेडमिस्ट्रेस परवीन खान, शिल्पी अरोड़ा, सबीहा नाज एहतेराम अली, फिरोज हैदर, आसिम अली, मनदीप सिंह, मुर्तजा अली, उबैद खान, शादाब खान मौजूद रहे।



### शिविर में मरीजों की आंख और कान की हुई जांच

**रामपुर, अमृत विचार :** आसरा वेलफेयर सोसायटी द्वारा गुरुवार को रुस्तम नगर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें 200 मरीजों की आंख और कान की जांच हुई। जांच के लिए सुबह से ही मरीज शिविर में पहुंचने लगे। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सिमरन कौर और कान विशेषज्ञ डॉ. शिवम बटला ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवाई दी। जिन मरीजों की आंखों का ऑपरेशन होना है उन्हें तारीख दी गई। संस्था अध्यक्ष सुलेमान खां ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लगवाए जाएंगे।

### टांडा में हजयात्रा पर जाने वाले 200 लोगों ने लगवाए टीके



**टांडा, अमृत विचार :** हज 2026 की पवित्र यात्रा पर जाने वाले चयनित हाजियों के लिए आज टांडा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। क़ासमी मुस्लिम एजुकेशनल सोसायटी की ओर से आयोजित इस टीकाकरण कैंप में क्षेत्र के लगभग 200 हाजियों ने टीके लगवाए। टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन मोहल्ला यूसुफ स्थित जामिया अशरफिया रोजातुल उलूम के परिसर में किया गया। कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय उलेमाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद इरफ़ान क़ासमी, अध्यक्ष, कासमी मुस्लिम एजुकेशनल सोसायटी, मौलाना लियाकत अली संरक्षक, मौलाना जहीरुल इस्लाम, मौलाना मोहम्मद फहीम कासमी, मौलाना सलाम, हाजी इफ्तिखार, हाजी उजेर, वासिक ज़हीर और मौलाना सईदुर रहमान आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट नम्बर K5904736 में मेरे पति का नाम ZULFIKAR दर्ज है, जो गलत है। पति का सही नाम JULFEKAR है। जो की मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में यही नाम दर्ज है। शाहेरून पत्नी जुल्फेकार निवासी बकेनिया माफी पाकबड़ा मुरादाबाद

**सूचना**
मैंने अपना नाम Shahjiya Khalil से बदलकर Shazia Khaleel W/o Junaid Mairaj R/o सीधी सराय मुरादाबाद रख लिया है। भविष्य में नए नाम से जाना जाए।

**सूचना**
मैंने अपना नाम Aqib Ali से बदलकर Mohd Aquib Firasat S/o Mohammad Firasat R/o जब्बार कॉलोनी सरसैयद नगर मुरादाबाद रख लिया है। भविष्य में नए नाम से जाना जाए।

**सूचना**
मेरी पुत्री शाम्भवी एवं रिया की टीसी में मेरी पत्नी का नाम भूलवश RITA VERMA दर्ज हो गया है। जोकि गलत है। उनका सही नाम REETA VERMA है। इन्हें इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं। अनिल कुमार वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा निवासी ग्राम रावतपुर तहसील सदर जिला कानपुर, हाल निवासी रुद्र-बिलास सहकारी चीनी मिल बिलासपुर (रामपुर)

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट नंबर K7788492 माता का नाम SHAIROON NAZ व पिता का नाम ZULFIQAR दर्ज है। जो त्रुटि वश गलत है। माता का सही नाम SHEHARUN व पिता का नाम JULFEKAR सही है। मौहम्मद अली पुत्र जुल्फेकार निवासी ग्राम बकेनिया माफी थाना पाकबड़ा मुरादाबाद।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# बजट युवाशक्ति, कौशल व विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम

## कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कौशल महोत्सव में केंद्रीय बजट पर की चर्चा, युवाओं को नियुक्तिपत्र दिए

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** कौशल महोत्सव में आए केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने केन्द्रीय बजट 2026-27 को युवा-केन्द्रित, भविष्यदर्शी और 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने वाला बजट बताया। कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं को चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

उन्होंने कहा कि बजट युवाशक्ति पर विशेष फोकस करता है। शिक्षा, कौशल,तकनीक, कृषि, खेल एवं औद्योगिक विकास के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देता है। जयंत चौधरी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मकता तथा आधुनिक तकनीक को प्राथमिकता देकर यह बजट भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने की नींव



कौशल महोत्सव में प्रतीकात्मक जॉब आफर लेटर देते राज्य मंत्री जयंत चौधरी।

- **उत्पादकता वृद्धि और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष जोर**

रखता है। बजट में उत्तर प्रदेश, शिक्षा, स्किलिंग, खेल और कृषि पर विशेष ध्यान दिया गया है जिससे राज्य के युवाओं, किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए घोषित योजनाएं राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और तकनीक का नया केंद्र बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि दस हजार करोड़ का प्रस्तावित एसएमई ग्रोथ फंड मेरठ जैसे स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर सहित राज्य के एमएसएमई एवं विनिर्माण क्षेत्र को बड़ी मजबूती देगा। लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर और नोएडा जैसे बड़े शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश को बढ़ावा दिया गया है। इसके साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार और औद्योगिक गलियारों के लिए 22,500 करोड़, लखनऊ-कानपुर-आगरा मेट्रो के अगले चरणों के लिए 32,075 करोड़ का प्रावधान तथा हापुड़ और सहारनपुर में एग्री-एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन की स्थापना से रोजगार और निवेश के नए द्वार खुलेंगे।


पुलिस से नोकझोंक करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

प्रत्येक जिले में कम-से-कम एक बालिका छात्रावास की स्थापना से कॉलेज, विश्वविद्यालय, व्यावसायिक एसटीएम संस्थानों में पढ़ने वाली छात्राओं की सुरक्षा की भागीदारी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि बजट में कृषि के लिए 1,40,528.78 करोड़ का आवंटन किया गया है। फसल विविधीकरण, उत्पादकता वृद्धि और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। मत्स्य पालन और पशुपालन के सशक्त विकास के लिए नई पहलें की गई हैं। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का बजट 6,100 करोड़ से बढ़ाकर 9,885.80 करोड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश के लिए अवसरों का बजट है, जो युवाओं को कौशल, रोजगार और उद्यम के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाकर भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाएगा।

### कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों में हुई नोंकझोंक

**गजरौला :** शिव इंटर कॉलेज में गुरुवार को कौशल महोत्सव में शिक्षा राज्य मंत्री जयंत ने प्रेस कांफ्रेंस की। प्रेस कांफ्रेंस के बाद कार्यकर्ता मंच की तरफ बढ़े तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों के बीच नोकझौक हो गई। जिससे वहां हंगामा की स्थिति बन गई। लोगों ने कार्यकर्ताओं व पुलिसकर्मियों को समझाकर दोनों को शांत कराया।

### 2400 से अधिक युवाओं को मिला रोजगार

**गजरौला, अमृत विचार :** शिव इंटर कॉलेज में गुरुवार को केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कौशल महोत्सव में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कहा कि सरकार जमीनी स्तर पर कौशल को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है।कार्यक्रम में करीब 4 हजार उम्मीदवार इंटरव्यू के लिए पहुंचे। विभिन्न क्षेत्रों में 2,400 से अधिक उम्मीदवारों का चयन किया गया। 55 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी अरुण यादव, डीडीजी वी.एस. अरविंद, निदेशक, एमएसडीई भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीबीएसई शिक्षकों को भी मिले कैशलेस चिकित्सा सुविधा



**अमरोहा, अमृत विचार :** शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने सीबीएसई, आईसीएसई आईएससी बोर्ड के शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल करने की मांग की उठाई। गुरुवार को विधान परिषद के सत्र में शिक्षक विधायक डॉ. ढिल्लों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यूपी बोर्ड के विद्यालयों के शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का प्रदान किया जाना सराहनीय कदम है।इसके लिए उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त किया। कहा कि सीबीएसई आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकको कैशलेस चिकित्सा योजना से संबंध नहीं किया गया है। सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि उन शिक्षकों को भी इस योजना में शामिल किया जाए। ताकि उन्हें सुरक्षा का लाभ मिल सके।

### सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मांग



**अमरोहा, अमृत विचार :** लोक-लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने सीएचसी अमरोहा में अल्ट्रासाउंड लगाने की मांग की। सदर विधायक एवं उत्तर प्रदेश लोक-लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने विधानसभा सत्र में याचिका द्वारा अमरोहा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित कराने की मांग उठाई। श्री अली ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासाउंड की सुविधा न होने से मरीज परेशान हैं। मजबूरी में मरीजों को जिला अस्पताल या फिर निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर जाना पड़ता है। इसपर स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अमरोहा में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई जायेगी।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा ने प्रशासन का फूंका पुतला


पुतला फूंकते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रशासन एवं जांच कमेटी का पुतला फूंका।

भाकियू संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में जारी इस आंदोलन में किसान मृदा परीक्षण और पानी की जांच के लिए जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति द्वारा रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने को लेकर आक्रोशित हैं। किसानों का कहना है कि गांवों में पेयजल की कमी अब जीवन-मरण का सवाल बन चुकी है। पानी की कमी से सिंचाई प्रभावित हो रही है, फसलें सूख रही हैं, और परिवारों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। अख्तर सैफी, होमपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, खूबचंद, समर पाल सिंह , सोमपाल सिंह, जाकिर चौधरी, शकील चौधरी, देवेंद्र सिंह, इकराम सिंह सरदार आदि किसान लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के मामले जिला बार एसोसिएशन के वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। साथ ही कहा कि परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग की है।

गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सलीम खान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिवक्ताओं के खिलाफ हत्या, लूटपाट और मारपीट की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। इससे अधिवक्ता समुदाय में भय और असुरक्षा का माहौल है। अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित


कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- **हत्यारोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग**

करने के लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। बार एसोसिएशन ने मांग की है कि रामपुर में वकील की हत्या में शामिल आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए और उन्हें अधिकतम दंड दिया जाए। मृतक अधिवक्ता के परिवार को 1.5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक आश्रित सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की भी मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को शीघ्र लागू करने की मांग भी दोहराई। कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर भी जोर दिया। न्यायालय परिसर में हथियारों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन करेंगे।

### वकीलों ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**हसनपुर, अमृत विचार :** रामपुर में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। रामपुर के अधिवक्ता फारूक अहमद खान की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में गुरुवार को तहसील परिसर में वकीलों ने रोष व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय को सौंपा। अधिवक्ताओं ने मांग की कि आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और मृतक अधिवक्ता के परिवार को डेढ़ करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता एवं उनके परिवार की एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इसी के साथ उन्होंने अधिवक्ताओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं वह मुक्त माहौल देने हेतु प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग की। ऐसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, महासचिव ब्रजकिशोर, ऋषि पाल सिंह चौहान, चरन सिंह, महबूब आलम, रितेश त्यागी, मनोज कुमार सक्सेना, समरपाल सिंह, ओमपाल सिंह कोहली, इसरार खान, दिनेश कुमार प्रजापति, कमल सिंह, नौशाद सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### चोरों ने सोलर पैनल किए चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के बाईपास मार्ग स्थित तीन दुकानों पर लगे कई सोलर पैनलों को चोरों ने बीती रात चोरी कर लिया। पुलिस ने मौका मुआयना किया। दुकान से कुछ कदमों की दूरी पर खेत में कुछ सोलर पैनल मिट्टी में दबे हुए मिल गए। नगर के बाईपास मार्ग पर सुखदेव, सुरेश एवं जाने आलम की दुकानों की छत पर दुकानदारों ने सोलर पैनल लगवाए। बुधवार की रात तीनों दुकानदार दुकाएं बंद करके अपने घर को चले गए। गुरुवार की सुबह आए तो देखा की सोलर पैनल चोरी हो गए हैं। चोरों ने सुखदेव के दो, सुरेश का एक एवं जाने आलम के चार सोलर पैनल चोरी कर लिए। कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश ने मौका मुआयना किया। सोलर पैनल की तलाश करते हुए पुलिस के साथ दुकानदार खेतों में पहुंचे तो मिट्टी में दबे हुए 5 सोलर पैनल मिले।

### पूर्व प्रधान की हार्ट अटैक से मौत



**बुरावली, अमृत विचार :** गांव फतेहपुर के पूर्व प्रधान अहमद अली की मौत हो गई। बुधवार की रात को अहमद अली खाना खाकर अपने परिवार के साथ सो गए थे। आधी रात को उनकी तबियत खराब हो गई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। हार्ट अटैक से मौत की वजह सामने आई है।



### समझौते का दबाव बना रहे हत्यारोपी

**अमरोहा, अमृत विचार :** महिला की चाकू मारकर हत्या के मामले में पति नरेंद्र सिंह और ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आरोपियों पर समझौते का दबाव बनाए जाने का आरोप लगा कड़ी कार्रवाई की मांग की। 4 फरवरी को गांव पचोकरा में रूबी की धीरज ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। मामले में धीरज, नीरज, मुनीराम सहित कई लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने धीरज और नीरज को जेल भेज दिया था। गुरुवार को पुलिस कार्यालय पर पहुंचे मृतका रूबी के पति नरेंद्र सहित ग्रामीणों ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। नरेंद्र ने बताया कि मुनीराम ने घटना के समय उसकी पत्नी को पीछे से पकड़ रखा था, जबकि धीरज और नीरज ने उस पर चाकू से वार किए। मृतका की बड़ी बहन राजेश्वरी ने जब उसे बचाने की कोशिश की, तो मुनीराम ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। आरोप लगाया कि पुलिस ने बयान बदलने का दबाव डाला गया और कथित तौर पर गाली-गलौज भी हुई। नरेंद्र सिंह ने बताया कि मुनीराम खुलेआम उस पर समझौते का दबाव बना रहा है और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है।



### निजी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर का फूंका पुतला

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाकियू बीआर अंबेडकर ने छात्रों को फर्जी डिग्री देकर शोषण करने का आरोप लगाते हुए निजी यूनिवर्सिटी के वाइस चासंलर का पुतला फूंका। सरकार से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। गुरुवार को अंबेडकर पार्क के निकट भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ता एकत्र हुए और जनपद की एक निजी यूनिवर्सिटी पर छात्रों को फर्जी डिग्री देकर उनका शोषण करने का आरोप लगाया।यूनिवर्सिटी के वाइस चासंलर का पुतला दहन कर नारेबाजी की। संगठन के अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी ने सरकार से मांग की कि इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मयंक प्रधान, सोनू गुर्जर, अक्की कसाना, अरविंद जाटव, रूम सिंह आदि मौजूद रहे।

### बेटा बना आर्मी में जवान, 20 साल से कांवड़ ला रहे पिता



**गजरौला, अमृत विचार :** तेजवीर सिंह के बेटे का 20 वर्ष पहले आर्मी में चयन हुआ था। तभी से ही इन्होंने भगवान शिव की सेवा करने का संकल्प लिया था। 20 साल से हरिद्वार जाकर हर साल कांवड़ लाते हैं। फागुन की महाशिवरात्रि 15 फरवरी को है। जिसको लेकर कांवड़ यात्रा का उल्लास अब नजर आने लगा है। इन्हीं कांवड़ियों में शामिल हैं अलीगढ़ निवासी किसान तेजवीर सिंह। मन्नत मांगी थी कि बेटे का आर्मी में चयन हो जजाए। 20 साल पहले इनके बेटे लोकेश कुमार का आर्मी में चयन हुआ । तभी से तेजवीर सिंह भक्ति में लीन हो गए। इस बार भी तेजवीर महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से कांवड़ में जल भरकर पैदल अपनी मंजिल की तरफ बढ़ रहे हैं।

### बम-बम भोले के जयकारों के साथ लौट रहे कांवड़िया

**गजरौला, अमृत विचार :** कांवड़ियों का हरिद्वार से कांवड़ में गंगा जल भरकर वापस लौटने का सिलसिला जारी है। बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर लगाए गए शिविरों में कांवड़िया विश्राम और जलपान करने के बाद मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के चलते दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे के अलावा बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ने लगी है।

# गेहूं के कट्टों के नीचे दबकर बच्चे की मौत

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मोहल्ला सुभाष नगर में बच्चे की गेहूं के कट्टों के नीचे दबकर मौत हो गई।

राशन डीलर गंगादान उपाध्याय के पुत्र विनीत उपाध्याय का पांच वर्षीय बेटा सार्थक गुरुवार को अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते वह राशन गोदाम में छिप गया। इसी दौरान गेहूं के कट्टे उसके ऊपर गिर गए। बच्चा कट्टों के नीचे दब गया। करीब दो घंटे तक बच्चा गोदाम में दबा रहा। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास खोजबीन के बाद गोदाम का दरवाजा खुला देखकर अंदर पहुंचे। गेहूं के बोरे हटाने पर बच्चा दबा मिला। परिजन तुरंत उसे निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।


सार्थक।

# हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे कांवड़िया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा/ हसनपुर

**अमृत विचार :** गुरूवार सुबह से कांवड़ियों का हरिद्वार से गंगाजल भरकर लौटने का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। हर हर महादेव के जय घोष से मार्ग गूंज रहे हैं। शिव भक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह शिविर एवं भंडारों का आयोजन किया जा रहा है।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के होने पर हरिद्वार कांवड़ में जल लेने के लिए गए शिव भक्तों का लौटना प्रारंभ हो गया है। शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से मार्गों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। बिजनौर अमरोहा स्टेट हाईवे पर हैवी वाहनों के यातायात पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। जिले के बॉर्डर पर सभी वाहनों को रोक दिया गया है। हरिद्वार से जल लेकर आ रहा है शिव भक्तों के हर हर महादेव की जय घोष से पूरा मार्ग गूंज उठा है। कांवड़ लेकर आ रहे लेकर आ रहे शिव भक्त डीजे पर भक्ति भजनों पर नृत्य करते हुए मंजिल की


जयकारे लगाते गुजरते कांवड़िया। ● अमृत विचार

- **हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज रहे मार्ग**

ओर बढ़ते जा रहे थे। अमरोहा नौगांवा मार्ग पूरी तरह से शिव भक्तों के बैड़ों से भरा रहा। जगह जगह शिविर लगाकर कांवड़ियों की सेवा की गई।

हसनपुर क्षेत्र में कांवड़ियों के हुजूम नजर आ रहे हैं। गुरुवार को संभल, अनूपशहर और अलीगढ़ क्षेत्र के कांवड़ियों के जत्थों ने नगर में प्रवेश किया, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। अलीगढ़ के कस्बा छर्रा निवासी सोनू चौधरी ने बताया कि उनका जत्था तीन दिन पूर्व हरिद्वार से चला था और अगले तीन दिनों में वे अपने स्थान पर पहुंचकर शिव मंदिर पर जल अर्पित करेंगे। संभल मार्ग और अलीगढ़ मार्ग पर जगह-जगह भव्य सेवा शिविर व भंडारे लगाए गए हैं। शिविरों में शिवभक्तों के ठहरने, शुद्ध भोजन, फल और दवाइयों की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच कांवड़िया अपनी थकान भूलकर भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। पुलिस और प्रशासन भी सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए मुस्तैद है।

# झालू में ईसाई कब्रिस्तान से हटाया अवैध कब्जा

**बिजनौर, अमृत विचार :** तहसील, चकबंदी विभाग व नगर पंचायत झालू की संयुक्त टीम ने गुरुवार दोपहर इसाइयों के कब्रिस्तान पर बने अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए।

बुलडोजर से दुकान व दीवार गिराए जाने के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। झालू-नहटौर मार्ग पर स्थित इस जगह पर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। प्रशासन ने सरकारी अभिलेखों के अनुसार कार्रवाई की, जबकि दोनों पक्ष दावा ठोंक रहे हैं। चकबंदी लेखपाल सेवाराम, सहायक चकबंदी अधिकारी भगत सिंह, चकबंदी कर्ता जितेंद्र सिंह, राजस्व लेखपाल विवेक कुमार व नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# बजट ने दी राहत तो किसी के हाथ लगी मायूसी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बुधवार को विधानसभा में अपना सबसे बड़ा बजट पेश किया। बजट को लेकर लोगों ने अपनी मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। किसी ने बजट को बेहतर और जन उपयोगी बताया तो कुछ को निराशा हाथ लगी है।

जहां योगी सरकार ने चुनाव से पहले अब तक का सबसे बड़ा 9 लाख 12 हजार करोड़ का बजट पेश किया। भाजपा पदाधिकारियों ने इस बजट को लाभकारी और हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया बताया वहीं विपक्षियों द्वारा इसे सिर्फ चुनावी बजट बताते हुए धोखा देने की बात कही गई है।



जट जनता के साथ एक और छल है। यह बजट आम जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। किसान कर्ज में डूबा है, नौजवान रोजगार को तरस रहा है, महंगाई आसमान छू रही है और गरीब की थाली और छोटी होती जा रही है। बिजली दरों की मार जनता झेल रही है।

– **युसुफ कुरैशी**, प्रदेश सचिव युवजन सभा



अब तक का सबसे बड़ा बजट सरकार द्वारा पेश किया गया है। इस बजट में व्यापारी किसानों एवं हर वर्ग को ध्यान में रखकर उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है। भाजपा सरकार ने जो वादे किए थे वह बजट के माध्यम से लगभग पूरे किए जा रहे हैं।

– **फतेह सिंह खड़गवंशी**, भाकिमो



योगी सरकार द्वारा जो बजट पेश किया गया है। उसमें देश के अन्नदाता की अनदेखी की गई है, बजट पूरी तरीके से चुनावी है। बजट में हर वर्ग के साथ सरकार ने छलावा किया है। महंगाई कम होने के उपाय बजट में दिखाई नहीं देते।

– **डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी**



प्रदेश के समग्र विकास, स्वास्थ्य ,सड़क, शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए अब तक की सबसे अधिक धनराशि का बजट पेश किया है। प्रदेश के चौमुखी विकास एवं प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को आधारित बजट सराहनीय है।

– **सुरमित गुप्त**, अधिवक्ता



बजट में किसानों के लिए ठोस राहत नहीं, युवाओं के लिए स्थायी रोजगार का रोडमैप नहीं। शिक्षा और स्वास्थ्य पर सिर्फ़ खोखले दावे, महिलाओं और मज़दूरों के लिए नाम मात्र की योजनाएं। यह बजट विकास का नहीं, बल्कि प्रचार का बजट है।

– **रवि शंकर शर्मा**, एडवोकेट



उत्तर प्रदेश सरकार का बजट किसानों की बेहतरी, महिला सम्मान ,युवाओं को रोजगार, एवं प्रदेश के विकास को देखते हुए बनाया गया है जो जनहित में विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत अच्छा प्रयास है। इस बजट के दूरगामी परिणाम नजर आएंगे।

– **संजय चौहान** एडवोकेट

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहद यामीन द्वारा संस्था नूरी जामा मस्जिद मोहिउद्दीनपुर माफी इन्तोजामिया कमेटी, ग्राम मोहिउद्दीनपुर माफी पो. अलियाबाद तह. ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद का मोहतमिम/प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. कयूम-सदर/ अध्यक्ष 2. युनुस-नायब सदर/उपाध्यक्ष 3. मोहद यामीन-मोहतमिम/प्रबन्धक 4. जाहिद हुसैन- खजांची/ कोषाध्यक्ष 5. हमीद 6. मासिम अली 7. बाबू शाह-मेम्बर/ सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से-(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

**कार्यालय-सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरवर अली द्वारा संस्था छोटी मस्जिद समिति, ग्राम पिपलिया जट पो. माटखेड़ा तह. स्वार, जिला रामपुर का सदर दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. सरवर अली-सदर, 2. शाहिद-नायाब सदर, 3. मुरशद अली-सैक्रटी, 4. अफसान अली-खजांची, 5. जफर अली-नायाब खजांची, 6. मुस्तफा, 7. ताज मौ. 8. मौहम्मद अरबाज, 9. ताहिर-सदस्य दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आनन्द विक्रम सिंह-सहायक निबन्धक

## न्यूज ब्रीफ

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, बिगड़ी हालत

**बबराला, अमृत विचार :** थाना बबराला क्षेत्र के गांव शाहजहांनाबाद डांडा निवासी दिनेश की पत्नी गुड्डो ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज की गई

**बबराला,अमृत विचार :** मोहल्ला टंकी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी कि 9 फरवरी की रात किसी समय उसकी 17 वर्षीय बहन लापता हो गई। लोगों ने उसे रामलीला ग्राउंड निवासी विकास कश्यप के साथ मोटरसाइकिल पर इन्द्रा चौक की ओर जाते देखा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया ।

### एनएसएस का जागरूकता अभियान

**चंदौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने करेला गांव के प्राथमिक विद्यालय में एकदिवसीय शिविर आयोजित कर सामाजिक सरोकारों का संदेश दिया। जागरूकता रैली निकालकर बाल विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के खिलाफ संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को रोचक बनाया।

### विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सिंघौली पूर्वी में गुरुवार शाम करीब छह बजे विमलेश (23) पत्नी मनोज कुमा का शव कमरे में रस्सी के फंदे से लटका मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने और तहरीर मिलने के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### गैस गोदाम के पास हादसे में युवक घायल

**चंदौसी, अमृत विचार :** बहजोई मार्ग पर स्थित गैस गोदाम के समीप दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक नरौली निवासी भूरा के सिर में गंभीर चोट आई। घायल को संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए।

# 3 जोनल, 14 सेक्टर व 77 स्टेटिक मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी

## यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, मजिस्ट्रेट- केंद्र व्यवस्थापकों का प्रशिक्षण, डीएम ने दिए परीक्षा को लेकर निर्देश

कार्यालय संवाददाता,संभल

- 77 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 51,427 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों का प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की गई।

सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंदौसी में कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने जानकारी दी कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक होगी। जनपद में कुल 77 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 12 राजकीय, 35 अशासकीय सहायता प्राप्त और 30 वित्तविहीन विद्यालय शामिल हैं। इन केंद्रों पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 51,427 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा की दृष्टि से जनपद को 3 जोन और 14 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इसके लिए 3 जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 77 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 77 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, 6 सचल दल एवं 3 रात्रि भ्रमण सचल दलों की तैनाती की गई है।

डीआईओएस ने बताया कि परीक्षाओं को नकलविहीन कराने के लिए 77 परीक्षा केंद्रों पर कुल 3,335 कक्ष निरीक्षक लगाए गए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करने की अपील की तथा कहा कि परीक्षार्थियों और शिक्षकों को तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी जनपद की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वॉयस रिकॉर्डर की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए तथा बोर्ड से प्राप्त सभी निर्देशों और गाइडलाइन का गंभीरता से अध्ययन किया जाए। उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, प्रशासनिक नोडल अधिकारी/डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, डायट अमरोहा की उपप्राचार्य एवं ऑब्जर्वर शाहीन, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, तहसीलदार चंदौसी रवि सोनकर आदि उपस्थित रहे।



मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को संबोधित करते डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

### नकल पर होगी कठोरतम कार्रवाई : डीएम

**संभल/चंदौसी,अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि बोर्ड परीक्षा को लेकर सख्त कानून लागू किया गया है। उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 के तहत परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधन के प्रयोग पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और नकलविहीन होनी चाहिए। डीएम ने बताया कि परीक्षा की निगरानी के लिए 6 फ्लाइंग स्क्वायड तैनात रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, इंटर कॉलेज बहजोई में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटो कॉपी की दुकानें परीक्षा अवधि में बंद रहेंगी। विद्युत, पेयजल और परिवहन व्यवस्था को भी निर्बाध बनाए रखने के निर्देश दिए गए।



प्रशिक्षण में शामिल जोनल , सेक्टर , स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापक। ● अमृत विचार

## डीएम, एसपी ने कहा, शांति व सौहार्द से मनाएं पर्व

**संभल, अमृत विचार:** महाशिवरात्रि, रमजान एवं होली पर्वों को भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

अधिकारियों ने मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री साझा न करने के लिए जागरूक किया गया। डीएम ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा नियमित पैदल गश्त और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या, विवाद या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपस्थित धार्मिक गुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# बच्ची का नहीं लगा सुराग खोजी कुत्तों की ली मदद

संवाददाता,कैला देवी/सौंधन

- सोमवार को लकड़ी बीनने गई बच्ची हो गई थी लापता

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर से आठ वर्षीय मासूम संगीता के लापता होने से गांव में दहशत का माहौल है। परिजन और पुलिस तीन दिन से तलाश में जुटे हैं। गुरुवार को सीओ खोजी कुत्तों के साथ गांव पहुंचे और इलाका खंगाला।

गांव निवासी जीवाराम सोमवार को अपनी पत्नी और आठ वर्षीय बेटी संगीता के साथजंगल में लकड़ी बीनने गए थे। वापस लौटते समय रास्ते में संगीता पीछे रह गई। देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों में खलबली मच गई। ग्रामीणों के अनुसार गांव के मुख्य चौराहे पर चल रहे डीजे कार्यक्रम के पास भी बच्ची को देखा गया था, इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों और ग्रामीणों ने देर रात तक खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार को सीओ आलोक भाटी मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम को आवश्यक निर्देश दिए। गुरुवार को असमोली क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड टीम ने भी मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया। लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं लग सका। मासूम के लापता होने से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है और बच्ची की तलाश के प्रयास जारी हैं। सीओ कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस की कई टीमें बच्ची को तलाशने के काम में लगी हैं। उम्मीद है कि जल्द ही पुलिस को सफलता मिलेगी।

## 22 को होगा विधिक सहायता शिविर

**संभल,अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 22 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित होगा।

इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को बैबैठक जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल डॉ. विदुषी सिंह की अध्यक्षता में तथा प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल आदित्य सिंह की उपस्थिति में हुई। बैठक में बताया गया कि शिविर में निःशुल्क विधिक सलाह के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं का पंजीकरण कराया जाएगा। डॉ. विदुषी सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वहअधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में लाभान्वित करें।

# अधिवक्ता के हत्यारोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता,संभल

- अधिवक्ता की हत्या के विरोध में संभल में वकीलों ने किया धरना-प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**अमृत विचार :** रामपुर में वरिष्ठ अधिवक्ता फारूक अहमद खान की गोली मारकर हत्या के विरोध में गुरुवार को संभल के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए अधिवक्ताओं ने शहर के शंकर इंटर कॉलेज चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर हत्यारोपी पर एनएसए कार्रवाई व अधिवक्ता के परिवार को एक करोड़ मुआवजा देने की मांग उठाई गई।

गुरुवार को दोपहर दो बजे बड़ी संख्या में अधिवक्ता कचहरी में एकत्र हुए और घटना के विरोध में नारेबाजी करते हुए शंकर कालेज चौराहा पर पहुंचे। यहां दिवंगत अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। अधिवक्ताओं ने रामपुर बार एसोसिएशन के सदस्य फारूक अहमद खान की हत्या को कानून-व्यवस्था की गंभीर विफलता बताया। जोरदार प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने अपने गुस्से का इजहार किया। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं की मांग थी कि हत्यारोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया जाए, मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए तथा प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' को तत्काल लागू किया जाए। अधिवक्ताओं का कहना था कि लगातार हो रहे हमलों से उनका कार्य करना असुरक्षित होता जा रहा है।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष शकील अहमद एडवोकेट ने कहा कि फारूक अहमद खान रामपुर सेशन कोर्ट में नियमित रूप से वकालत कर रहे थे। उनकी दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमले और झूठे मुकदमे बढ़ते जा रहे हैं। इन्हें रोकने के लिए 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' अत्यंत आवश्यक है। मध्य प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों में यह कानून पहले से लागू है, जबकि उत्तर प्रदेश में 75 जिले और लगभग चार लाख अधिवक्ता हैं।

अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम रामानुज को सौंपा। इस मौके पर नायब तहसीलदार दीपक जुरैल और इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शन में मोहम्मद इस्लाम, मुख्तार फात्मा, सरफराज नवाज, मोहम्मद उमर अली, जसवीर यादव, असद हुसैन, सुमय्या सैय्यदा, फहीम अख्तर, याहिया खान, फैसल अजीज, मौ. सादिक, सोनू गुप्ता, संकेत शर्मा, जुनैद जुबैरी, मतीन रईस सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।



संभल में शंकर कॉलेज चौराहा पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# प्रोजेक्ट नेत्र वसंत में 35 गांव बीएलबीसी फ्री घोषित



डीएम व अन्य अधिकारियों के साथ सम्मानित की गईं आशा कार्यकत्री।

**संभल/बहजोई,अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट 'नेत्र वसंत' के अंतर्गत अंधत्वकारी मोतियाबिंद मुक्त ग्रामों का अभिनंदन तथा ग्राम प्रधानों और प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

डीएम ने बताया कि परियोजना के तहत 21,037 से अधिक लोगों की निःशुल्क जांच कर 1,842 मोतियाबिंद मरीजों की सर्जरी कराई गई। 35 गांवों को बीएलबीसी फ्री घोषित कर प्रधानों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। साथ ही 94 आशा कार्यकर्ताओं को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएल गुप्ता परिवार संस्थान की ट्रस्टी शिखा गुप्ता, वाइस चेयरपर्सन डॉ. आशी खुराना, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, एसीएमओ डॉ. पंकज विश्नोई, प्रोजेक्ट हेड लोकेश चौहान व अन्य मौजूद रहे।

# मानवता का संदेश देता है सनातन धर्म

संवाददाता, बबराला

- हिंदू महासम्मेलन में सनातन मूल्यों व एकता पर दिया गया जोर
- गुन्नौर के पैंठ बाजार में महासम्मेलन का आयोजन

**अमृत विचार:** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, रसूलपुर मंडल, खंड गुन्नौर के तत्वावधान में गुरुवार को गुन्नौर के पैंठ बाजार मैदान में महासम्मेलन का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अनिल ने संघ की 100 वर्षों की सेवा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए समाज में संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य अतिथि योग साधना आश्रम, मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने हिंदू एकता का आह्वान करते हुए सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला। कहा कि सनातन धर्म विश्व को शांति, करुणा और मानवता का संदेश देता है। इसमें वसुधैव कुटुम्बकम, अहिंसा, दया, त्याग, अतिथि सत्कार और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना समाहित है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्र सेविका समिति अलीगढ़ की महानगर बौद्धिक प्रमुख डॉ. प्रतिभा सारस्वत ने महिलाओं से परिवार और समाज को सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस दौरान गायक कौशल यूपी वाला ने हिन्दू जागरण से जुड़े गीत और रागनियां प्रस्तुत कर लोगों को भावविभोर कर दिया।

संचालन आरएसएस के जिला कार्यवाह डॉ. राजकुमार वैदिक ने किया। ऊषा शर्मा के नेतृत्व में साईं कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने ''भारत वंदन'' और ''सनातन धर्म की जय'' सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अध्यक्ष भुवनेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। धर्मेन्द्र प्रजापति, खण्ड कार्यवाह सुनील शर्मा, राजू कुशवाह, मनवीर कुशवाह, राहुल बाल्मीकि, इन्दीवर सिंह, विद्याराम, सचिन प्रजापति, प्रदीप कुमार उर्फ टीटू यादव, महिपाल सिंह, केशव पंडित, पूनम शर्मा, मंजू, रवि कुमार, ब्रजेश कुशवाह, हर्षित वार्ष्णेय, मोनू कुमार, प्रमोद दिवाकर, तिलक सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन खुशबू प्रजापति, बबराला चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय व अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### बच्चों ने विज्ञान मेले में सरल तरीके से सीखे वैज्ञानिक सिद्धांत



**बबराला, अमृत विचार :** अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन विद्या वाहिनी एवं हुंडई मोटर्स के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय कैल में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी एमएल पटेल एवं नायब तहसीलदार अनुज कुमार ने किया। विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने दिन-रात बनने की प्रक्रिया, अनुनाद, गहरे कुएं की संरचना, कंकाल तंत्र तथा मानव शरीर के विभिन्न अंगों से जुड़े मॉडल तैयार कर उनके वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल व रोचक तरीके से समझाया। नायब तहसीलदार ने कहा कि विज्ञान मेले जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। एमडीएम जिला समन्वयक दीन दयाल शर्मा, एआरपी महिपाल एवं प्रशांत, प्रधानाध्यापिका आरती वार्ष्णेय, शिक्षिका मीनाक्षी, हेमराज, मानसी सहित अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के श्रेष्ठी शर्मा, आदर्श त्रिपाठी, अनिल कुमार तथा विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



### सीनियर्स को यादगार विदाई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

**चंदौसी, अमृत विचार :** एफआर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह उत्साह और भावनाओं से भरपूर रहा। जूनियर्स ने अपने सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य और मनोरंजक प्रस्तुतियों ने माहौल को यादगार बना दिया। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। अतिथियों ने मेहनत को सफलता का आधार बताते हुए छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अंत में स्मृति चिह्न प्रदान कर कक्षा 12 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई।



### महर्षि दयानंद जयंती पर वैदिक चेतना का संदेश

**चंदौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरुकता अभियान भारत के तत्वावधान में महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी दयानंद ने समाज से कुरीतियों को मिटाने, स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने और वैदिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने आर्य समाज की स्थापना कर सामाजिक सुधार की मजबूत नींव रखी। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला।

### संस्कार भारती की बैठक में सांस्कृतिक जागरण पर मंथन

**चंदौसी, अमृत विचार :** श्री रघुनाथ आश्रम, सीता रोड पर संस्कार भारती की विशेष बैठक आयोजित हुई, जिसमें क्षेत्रीय प्रचारक विजय पाठक ने संगठन के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि संस्कार भारती कला, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है। संगठन 'पंच परिवर्तन' के संकल्प के साथ परिवार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय है। बैठक में नगर व जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।



# ट्रेड डील के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

- समझौता रद करने की मांग, बड़ा आंदोलन छेड़ने की चेतावनी
- पैदल पहुंचे कलेक्ट्रेट, राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन दिया

**अमृत विचार:** अमेरिका के साथ ट्रेड डील को किसान विरोधी बताते हुए गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। चेतावनी दी कि समझौता रदनहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरे समय अलर्ट मोड पर रहा।

गुरुवार दोपहर भाकियू टिकैत के पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव व जिलाध्यक्ष मनपाल यादव के नेतृत्व में किसान पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया। विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि अमेरिका से की गई यह ट्रेड डील किसानों के लिए किसी डेथ वारंट से कम नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले अमेरिकी उत्पादों पर 70 से 80 प्रतिशत तक टैरिफ लगता था, जिसे घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार इसे उपलब्धि बता रही है, जबकि इससे किसानों की कमर टूट जाएगी। दो टूक कहा कि यदि यह समझौता रद्द नहीं किया गया तो किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। जरूरत पड़ी तो दिल्ली और संसद का घेराव किया जाएगा। किसी भी कीमत पर इस समझौते को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

किसानों ने डिप्टी कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा कि भारत की खेती गांवों और छोटे किसानों पर आधारित है, जबकि अमेरिका की कृषि व्यवस्था भारी सब्सिडी, आधुनिक मशीनरी और बड़े कॉरपोरेट व कोऑपरेटिव फार्म मॉडल पर टिकी हुई है। यदि सोयाबीन, मक्का, गेहूं और डेयरी उत्पादों पर आयात शुल्क घटाया गया तो सस्ते अमेरिकी कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में आ जाएंगे। प्रदर्शन में देशराज सिंह यादव, महीदेव सिंह, युसूफ अली, डॉ. शुभम चौधरी, महेश यादव, अमर सिंह, प्रवेश यादव, नरेश शर्मा, सतेंद्र शर्मा, राजपाल सिंह, रामनिवास, उदयवीर सिंह, अमरपाल यादव, कृष्ण गोपाल, राजू यादव, तेजपाल सिंह, रामवीर सिंह यादव, जसवीर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



किसानों को संबोधित करते भाकियू पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव। ● अमृत विचार

## वाहन की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर घायल

**रजपुरा, अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां-बबराला रोड पर मलिकपुर के समीप गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

घायल की पहचान गांव सिहावली निवासी जीवन किशोर पुत्र टोडी लाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह दोपहर के समय साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर रजपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

